* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
19 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 120







## पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

# विकसित राष्ट्र के लिए भाजपा की वापसी जरूरी : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अगले पांच साल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इस दौरान बहुत काम करने की आवश्यकता है। इसके लिए भाजपा की मजबूती के साथ केंद्र में वापसी आवश्यक है। उनके पास देश को मजबूत करने का लक्ष्य है। यदि वे अपने घर की चिंता करने लगते, तो आज देश के करोड़ों गरीबों का घर नहीं बना पाते। तीसरे कार्यकाल में वे देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने की बात करते हैं, लेकिन विपक्षी दल देश को विकसित राष्ट्र बनाने का वादा भी करने की हिम्मत नहीं दिखा पाते।

दिल्ली के भारत मंडपम में 18 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने वो काम किये हैं, जिनकी प्रतीक्षा कई सदियों और वर्षों से की जा रही थी। राम मंदिर का निर्माण पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज संभव हुआ है। अनुच्छेद 370 के विवादित अंशों की समाप्ति और करतारपुर साहिब के रास्ते खुलवाना ऐसे ही कार्य हैं, लेकिन विपक्ष के पास इतने बड़े कार्य करने की ही नहीं, वादा करने की भी हिम्मत नहीं है।

अपने 65 मिनट के भाषण में पीएम मोदी ने विपक्ष पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सेनाओं को अपमानित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ती। वह देश को कमजोर करने में जुटी है। उसके पास देश को आगे ले जाने का विजन नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में भी कुछ लोग उन पर व्यक्तिगत हमले करने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन पर हमले करना और झूठे आरोप लगाना कुछ लोगों की आदत बन गयी है। वहीं, भाजपा के पास विकसित राष्ट्र का मास्टर प्लान तैयार है। केंद्र सरकार आनेवाले समय में ओलंपिक कराने, देश को हरित ऊर्जा और सौर ऊर्जा का बढ़ावा देने, खाद्य तेलों, दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की योजना है। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की आर्थिक तरक्की के लिए गांवों में नये तालाब बनाये जा रहे हैं। सोलर रूफ टॉप अभियान से भी किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध होने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि जिन्हें आज तक किसी ने नहीं सोचा, उन्होंने उनके लिए योजनाएं बनायीं। विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत इसी सोच के साथ कमजोर-पिछड़ों और महिलाओं के लिए काम किया गया। 18 वर्ष के हो चुके युवा 18वीं लोकसभा के लिए पहली बार मतदान करेंगे। सत्ता में रहने के बाद भी जनता के लिए लगातार काम करते हैं। यही बात भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग बनाती है।




### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अब चुनाव जरूरी नहीं

दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पास हुआ है। इसके मुताबिक पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगा। इस प्रस्ताव के पास होने के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने पर भी मुहर लगा दी गयी है। जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाये गये।

### विदेशी भी भाजपा की वापसी पर आश्वस्त

मोदी ने कहा कि उनके विषय में केंद्र में सरकार चलाने और विदेश नीति का अनुभव न होने की बातें उठायी जाती हैं, लेकिन जिस तरह पश्चिमी और अरब देशों में भारत की शक्ति बढ़ी है, उससे सब तय हो गया है। उन्होंने कहा कि अब भी उनके पास जुलाई-अगस्त में विदेश जाने के कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र पड़े हुए हैं। यह दिखाता है कि विदेशी देशों की सरकारों को भाजपा की केंद्र सरकार में वापसी का भरोसा है।

# सीएम चंपाई ने दिल्ली में सीट शेयरिंग पर खड़गे से की बात

- अपनी सरकार पर किसी खतरे की संभावना से किया इनकार
- कांग्रेस विधायकों की बगावत को पार्टी का आंतरिक मुद्दा बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान झारखंड में सीट शेयरिंग समेत दूसरे मुद्दों पर बातचीत हुई। सीएम और कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से इस बारे में सोशल मीडिया पर अलग-अलग ट्वीट किये गये। मुलाकात के बाद चंपाई सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष से यह शिष्टाचार मुलाकात थी। कांग्रेस विधायकों के एक वर्ग के असंतुष्ट होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है। झामुमो के लिए यह कोई मुद्दा ही नहीं है। हमारा गठबंधन मजबूत है। झामुमो और कांग्रेस के बीच कोई विवाद नहीं है और सब कुछ बिल्कुल ठीक है। इससे पहले सीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर मुकुल वासनिक के आवास पर कांग्रेस नेताओं के साथ झामुमो नेताओं ने बैठक की। इस बैठक में कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। बैठक में झामुमो की ओर से विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद पांडेय मौजूद थे।

बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कांग्रेस अध्यक्ष से शिष्टाचार मुलाकात की है। दोनों पार्टियों ने अपना अपना पक्ष रखा है। बहुत ही अच्छे तरीके से झारखंड में हम अपने सहयोगी पार्टियों के साथ चुनाव लड़नेवाले है। कांग्रेस के नाराज विधायकों को लेकर कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि विधायकों में कोई नाराजगी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा है। वो अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस नेतृत्व से मिलना चाहते है। उनकी मांगों में कुछ जायज मांगें भी हैं। कांग्रेस नेतृत्व अब इस पर फैसला करेगा। कांग्रेस के सभी विधायक सरकार के साथ हैं और बहुत अच्छे से सरकार चलेगी।



### सीएम चंपाई सोरेन आज इटखोरी महोत्सव का करेंगे उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। 21 फरवरी तक चलनेवाले इस महोत्सव में भारतीय-झारखंड की संस्कृति और सभ्यता से जुड़ी भक्तिमय-संगीतमय प्रस्तुतियां दी जायेंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे के बीच मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का आगमन होगा। इसके बाद दर्शन-पूजन और महोत्सव की शुरुआत होगी। शाम 5.30 बजे से शाम छह बजे तक डॉ विपिन मिश्रा और ग्रुप की प्रस्तुति होगी। इसके बाद मुकुंद नायक एंड ग्रुप की ओर से कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी जायेगी। सत्या ठाकुर एंड ग्रुप, अल्ताफ राजा एंड ग्रुप और अक्षरा सिंह की भी प्रस्तुति होगी।

## न्यूज रील्स

### जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने ली समाधि



डोंगरगढ़। दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने शनिवार (17 फरवरी) देर रात 2:35 बजे अपना शरीर त्याग दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थ में आचार्य पद का त्याग करने के साथ तीन दिन का उपवास और मौन धारण कर लिया था। उनके शरीर त्यागने की खबर मिलने के बाद जैन समाज के लोग डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में पहुंचे। पूजन के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं मध्यप्रदेश में सरकार के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिये गये। इसके अलावा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

**मैं शोक में हूं: मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आचार्य विद्यासागर को नमन किया, श्रद्धांजलि दी। कहा- मैं शोक में हूं, मेरे लिए ये व्यक्तिगत क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान 5 नवंबर को डोंगरगढ़ भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यासागर जी महाराज से चंद्रगिरि पर्वत में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनसे आशीर्वाद लिया और चर्चा की थी।

## कल्पना सोरेन को अरविंद केजरीवाल ने किया फोन

# केंद्र और भाजपा का षडयंत्र आज पूरा देश देख रहा है: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फोन पर बात की। इस बात की जानकारी कल्पना ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी। हेमंत सोरेन के एक्स अकाउंट पर कल्पना ने केजरीवाल से हुई बातचीत की जानकारी दी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से कल्पना ही हेमंत के सोशल मीडिया अकाउंट को ऑपरेट कर रही हैं। कल्पना ने केजरीवाल से हुई बातचीत की जानकारी देते हुए लिखा कि रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी से फोन पर बातचीत हुई। अरविंद जी का धन्यवाद कि इस घड़ी में वह झारखंडी योद्धा हेमंत जी और झामुमो परिवार के साथ हैं। केंद्र सरकार और भाजपा का षड्यंत्र आज पूरा देश देख रहा है। झारखंड के साथ-साथ दिल्ली एवं अन्य गैर-भाजपा शासित राज्यों में कैसे लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है, यह देख हर कोई क्षुब्ध है। केंद्र सरकार और भाजपा के इस षड्यंत्र का हमें मिल कर मुकाबला करना है।

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से देश के कई नेताओं ने कल्पना से मिल कर और फोन पर बात कर अपना समर्थन जताया है। सभी नेताओं ने कल्पना से मुलाकात कर भरोसा जताया कि वो हेमंत सोरेन और जेएमएम के साथ हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी कल्पना सोरेन से मुलाकात की थी और कहा था कि एक षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है। कुछ दिनों पहले वृंदा करात ने भी कल्पना सोरेन से मुलाकात की थी।

# टेस्ट में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत

## इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में भारत ने 434 रन से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजकोट।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज का तीसरा मुकाबला भारत ने 434 रन से जीत लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। राजकोट में खेले गये मुकाबले की पहली पारी में भारतीय टीम ने 445 रन बनाये। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 319 रन ही बना सकी। भारत को 126 रन की लीड मिली। दूसरी पारी में भारत ने 430 रन बना कर पारी घोषित कर दी और बेन स्टोक्स की टीम को 557 रन का लक्ष्य थमाया।

इसका पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 122 रन बना कर ऑलआउट हो गयी। यह टेस्ट में भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ 2021 में खेले गये मैच में भारत ने 372 रन से जीत दर्ज की थी। वहीं, 2015 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 337 रन से मुकाबला अपने नाम किया था। 2016 में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 321 रन से मात दी थी। इसके अलावा 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने मोहाली में 320 रन से जीत दर्ज की थी।

**यशस्वी जायसवाल ने बनाया दोहरा शतक :** भारत ने दूसरी पारी चार विकेट पर 430 रन बनाकर घोषित कर दी और इंग्लैंड को 557 रन का लक्ष्य थमाया। यशस्वी जायसवाल 236 गेंद पर दोहरा शतक जमा कर नाबाद रहे। उन्होंने 14 चौके और 12 छक्के लगाये। वहीं, सरफराज ने 72 गेंद में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 68 रन की पारी खेली। दोनों के बीच नाबाद 158 गेंद में 172 रन की तूफानी साझेदारी हुई। इससे पहले भारत की दूसरी पारी में चौथे दिन शुभमन गिल 91 रन और कुलदीप यादव 27 रन बना कर आउट हुए थे। वहीं, शनिवार को रोहित शर्मा 19 रन और रजत पाटीदार खाता खोले बिना आउट हुए थे। इंग्लैंड की ओर से रूट, हार्टले और रेहान को एक-एक विकेट मिला।



### भारत के खिलाफ इंग्लैंड की दूसरी सबसे बड़ी हार

भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 434 रन से शिकस्त मिली। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम की ये दूसरी सबसे बड़ी हार है। 1934 में ऑस्ट्रेलिया ने 562 रन से इंग्लैंड को हराया था। 1934 में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड की ये अब तक की सबसे बड़ी हार है। इंग्लैंड की तीसरी बड़ी हार वेस्टइंडीज के खिलाफ थी। 1976 में मैनेचेस्टर में खेले गये मुकाबले में इंग्लिश टीम को 425 रन से शिकस्त मिली थी। 1948 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 409 रन से हराया था। वहीं, 2015 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एक बार फिर 405 रन से हराया। ये इंग्लैंड की पांचवीं सबसे बड़ी हार थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,100 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड में बालू और पलायन के बीच अनोखा रिश्ता

## ■ प्रदेश की दोनों समस्याएं बन रहीं एक-दूसरे की पर्यायवाची

## ■ बालू नहीं मिलने से सबसे ज्यादा रोजगार देनेवाला निर्माण कार्य लगभग ठप

## ■ हर रोज बढ़ रही इन समस्याओं पर नहीं है किसी का ध्यान

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड का नाम देश ही नहीं दुनिया की फलक पर है। भागवान बिरसा की यह धरती, जहां सिदो-कान्हू, चांद-भैरव जैसे वीर योद्धाओं की गाथा समेटे हुए है, वहीं इसके जमीन में दबे हैं बहुमूल्य खनिज पदार्थ। इन सभी की वजह दुनिया में यह राज्य पहचान का मोहताज नहीं है। दुख की बात यह है कि राज्य गठन के 23 वर्षों बाद भी यहां के लोगों की न तो दशा बदली और न दिशा। दिन-ब-दिन वे जल, जंगल और जमीन से दूर होने को मजबूर हैं। हर दिन राज्य से बड़ी संख्या में मजदूर पलायन कर रहे हैं। सरकार फख्र से कहती है, हम प्रवासी मजदूरों का डाटा बैंक बना रहे, जिससे बाहर उन्हें कोई परेशानी न हो। बाहर जानेवाले मजदूर अपना पंजीकरण जरूर करायें। सरकार के पास अब तक 1.69 लाख प्रवासी मजदूरों का आंकड़ा है, जबकि जानकारों का कहना है कि इससे कई गुना अधिक मजदूर बगैर पंजीकरण के बाहर हैं। मजदूरों को पंजीकरण कराना चाहिए। यह एक जानकारी रखने और आपात स्थिति में मदद पहुंचाने के लिए अच्छा कदम है। पर सोचने वाली बात यह है कि आखिर मजदूर पलायन करने के लिए विवश क्यों हो रहे हैं? अपने जल, जंगल और जमीन से प्रेम करने वाले ये आदिवासी, मूलवासी, स्थानीय लोग यहां से दूर क्यों भाग रहे हैं? उनकी मजबूरी क्या है? पहले उन कारणों का पता लगाना होगा। फिर उन्हें दूर करना होगा। तभी पलायन रुकेगा। हाल के पलायन को देखें तो समस्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। राज्य में खनिज के अंबार के बीच एक बालू जैसी छोटी संपदा है, जिसने छोटे-बड़े कंस्ट्रकशन करनेवालों का दम निकाल दिया है। बालू की कालाबाजारी, बढ़ती कीमत और अन उपलब्धता के कारण बड़े-छोटे निर्माण कार्य ठप होते जा रहे हैं। इसका असर दिहाड़ी मजदूरों पर हो रहा। उनके हाथों से काम छूटता जा रहा है। हालत यह है कि चौक-चौराहों पर एक दिहाड़ी मजदूर ढूंढ़ने जाओ, दस तैयार मिलेंगे चलने के लिए। मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ रहा है। नतीजतन छोटे-छोटे दिहाड़ी मजदूर पलायन को मजबूर हैं। यानी समस्या बालू का महंगा या बालू उपलब्ध होना नहीं है। अगर बालू की समस्या का निदान हो जाये, तो काफी हद तक तात्कालिक पलायन को रोका जा सकता है। इसी तरह समय-समय पर पलायन के पीछे के कारणों को तलाशना होगा। उसे दूर करना होगा। तभी राज्य से पलायन रुकेगा। तभी राज्य विकास की ओर अग्रसर होगा। राज्य में बालू की समस्या और मजदूरों के पलायन को खंगालती **आजाद सिपाही के राजनीतिक संपादक प्रशांत झा की रिपोर्ट।**


प्रशांत झा

कोरोना काल की घटनाएं आपको याद होंगी। जब श्रमिकों को विदेश और दूसरे राज्यों से झारखंड वापसी के लिए सैकड़ों मील पैदल चलना पड़ा था। सरकार को भी उन्हें लाने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। बस, ट्रेन यहां तक कि हवाई जहाज से मजदूरों को लाया गया। उस समय करीब 8.5 लाख मजदूर राज्य में लौटे थे। तब मजदूरों का पलायन रोकने के लिए कई वादे और घोषणाएं हुईं। सरकार ने इ-श्रम निबंधन पोर्टल की शुरूआत की। इस पर सभी मजदूरों को निबंधन कराने के लिए कहा गया। राज्य के बाहर जानेवाले मजदूरों को इस पर अलग से निबंधन की व्यवस्था है, जिससे आपात स्थिति में उन्हें मदद की जा सके। सरकार के इस कदम की सराहना की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रम पोर्टल पर अब तक 9.5 लाख मजदूरों का पंजीकरण है, जिनमें से 1.67 लाख प्रवासी मजदूर हैं। यानी कोरोना के तीन साल बाद भी स्थिति में बहुत बड़ा बदलाव नहीं आया है। सूबे से मजदूरों का पलायन कोराना संकट टलने के बाद फिर हुआ, जो आज भी जारी है।यह एक बड़ी और गंभीर समस्या है। झारखंड के मजदूर रोजी-रोटी के लिए बड़ी तादाद में देश के अन्य राज्यों से लेकर विदेशों की ओर रुख कर रहे हैं।

### कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में सबसे अधिक मजदूर

राज्य के मजदूरों को अलग-अलग हिस्सों में बांटा जाये, तो सबसे अधिक मजदूर कंस्ट्रक्शन क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। चाहे वह पुल-पुलियों का निर्माण हो, या सड़क निर्माण, बड़े-छोटे भवन निर्माण आदि। राज्य के ज्यादातर मजदूर इसी क्षेत्र से जुड़े हैं। श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस क्षेत्र से जुड़े 7.18 लाख मजदूर पंजीकृत हैं। हालांकि इससे कहीं ज्यादा मजदूर कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में लगे हैं, क्योंकि यह आकड़ा केवल बड़ी-बड़ी योजनाओं में काम करनेवालों से ही प्राप्त मजदूरों की संख्या का ही है। छोटे-छोटे स्तर पर काम करनेवाले का तो पंजीकरण ही नहीं हुआ है। यानी अगर राज्य में निर्माण कार्य होगा, तो इनके पास रोजगार होगा और अगर निर्माण कार्य नहीं होगा, तो ये बेरोजगार होंगे। फांकाकशी में जीवन व्यतीत होगा। वह पलायन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी शुरुआत हो चुकी है। मजबूरी में मजदूर पलायन की ओर अग्रसर हैं। इसकी मुख्य वजह राज्य में बालू की किल्लत है।

### 444 बालू घाटों में से सिर्फ 21 ही वैध

राज्य में बालू की किल्लत है। बालू की कालाबाजारी हो रही, कीमत आसमान छू रहे हैं। इसका असर निर्माण कार्य पर हो रहा। रांची में 10 हजार रुपये प्रति हाइवा मिलनेवाला बालू ब्लैक में 40 हजार रुपये में मिल रहा है। तीन हजार रुपये प्रति टर्बो बालू की कीमत अब 8000 से 8500 तक हो गयी है। वह भी काफी मुश्किलों के बाद मिल पाता है। यह स्थिति कमोबेश राज्य के हर जिले में है। दरअसल राज्य सरकार ने हाल में 444 बालू घाटों में से 351 की नीलामी प्रक्रिया जेएसएमडीसी के माध्यम से संपन्न करायी थी। इनमें 216 घाटों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी। वहीं, 135 घाटों की निविदा प्रक्रिया चल रही है। पूर्व से राज्य भर में केवल 21 बालू घाट ही ऐसे हैं, जिनकी बंदोबस्ती हो चुकी है। यानी पूरे राज्य में केवल 21 बालू घाट चालू हैं। इन्हीं घाटों से वैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है। शेष सभी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव हो रहा है और कालाबाजारी हो रही। नतीजन बालू की कीमत आसमां पर है।



### निर्माण कार्य पर हो रहा असर

बालू की बढ़ती कीमत के कारण निर्माण कार्यों पर असर हो रहा। छोटे-छोटे निर्माण कार्य तो रुक ही गये हैं, तो बड़े-बड़े निर्माण कार्य की गति धीमी हो गयी है। नतीजतन मजदूरों को काम नहीं मिल रहा। वह फांकाकशी की ओर बढ़ रहे। व्यक्तिगत निर्माण को छोड़ दें, तो केवल रांची में 200 से अधिक छोटे-बड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं। एक जिला में औसत 100 निर्माण कार्य को भी लें तो पूरे राज्य में 2400 हो रहे होंगे। इन सब पर बालू की बढ़ती कीमत का असर पड़ा है। छोटे और निजी निर्माण तो लगभग रुक ही गये हैं। बालू की कीमत को देख कर लोग अपने निर्माण काम को फिलहाल टालने लगे हैं।

### एक दूसरे से जुड़ी हैं कड़ियां

निर्माण कार्य, बालू, मजदूर और पलायन एक दूसरे से जुड़े हैं। अगर बालू आसानी से उपलब्ध होगा, तो निर्माण कार्य होंगे। निर्माण कार्य होंगे तो कंस्ट्रक्शन क्षेत्र से जुड़े मजदूरों को रोजगार मिलेगा। उन्हें रोजगार मिलेगा, तो पलायन की नौबत नहीं आयेगी। यानी कम से कम कंस्ट्रक्शन क्षेत्र से जुड़े पलायन के पीछे का कारण बालू ही है। कई ठेकेदार ऐसे हैं, जो पूरे गांव के लोगों को एक साथ लेकर दूसरे राज्य तक जाते हैं और वहां लोगों को मजदूरी दिलाते हैं। कंस्ट्रक्शन साइट पर ही उन्हें रखा जाता है। वहीं उनसे काम लिया जाता। इस तरीके के संगठित पलायन में शोषण भी खूब होता है। इतना ही नहीं, मानव तस्करी को भी इससे बल मिलता है। जानकार कहते हैं, जब मजदूरों को दूसरे राज्यों में काम मिल जाता तो, ऐसे लोगों पर भोले-भाले ग्रामीण ज्यादा भरोसा करते हैं। वह रोजगार की लालच में राज्य के बाहर जाते हैं। इनमें आदिवासी, बच्चे, लड़कियां आदि शामिल होती हैं। राज्य में पिछले पांच साल में 700 से अधिक मानव तस्करी के मामले दर्ज हुए हैं। अनुमान के अनुसार राज्य में मानव तस्करी के लगभग 5000 से अधिक लोग शिकार हुए हैं।

### व्यवस्था को तत्काल ठीक करने की जरूरत

इतना तो तय है कि राज्य में बालू की समस्या है। कलाबाजारी हो रही। कीमत आसमां छू रहा है। अगर व्यवस्था तत्काल ठीक नहीं हुई, तो पलायन और बढ़ेगा। जबकि हालात इसके उलट दिख रहे हैं। जिन बालू घाटों की नीलामी की है, उनके माइंस डेवलपर ऑपरेटर का चयन कर लिया गया है। इन्हें लेटर ऑफ इंटेंट दे दिया गया है। इसके बावजूद बालू निकालने में विलंब होगा। इसकी वजह यह है कि बालू घाटों के टेंडर के बाद माइनिंग प्लान, पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र और कंसेट टू ऑपरेट लेना पड़ता है। इसके लिए स्टेट इनवायरमेंट इंपैक्ट असेसमेंट अथॉरिटी (सिया) के पास आवेदन करना पड़ता है, जहां से इसकी मंजूरी मिलती है। हालत यह है कि बीते साल नवंबर से ही राज्य में सिया कार्यरत नहीं है। इसके पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। जब तक सिया का गठन नहीं होता, तब तक बालू घाटों को पयार्वरण से मंजूरी नहीं मिलेगी। बिना मंजूरी के बालू उठाव अवैध है। इस प्रक्रिया को पूरी करने में समान्यतः छह महीने लगेंगे। यानी जुलाई-अगस्त से पहले बालू उठाव वैध तरीके से संभव नहीं है। इस बीच जून महीने से बालू उठाव पर एनजीटी से रोक लगेगी। यानी बालू की समस्या बरकरार रहेगी। इसलिए सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था पर सोचने की जरूरत है। बालू घाटों के वैध उठाव के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के साथ-साथ इसकी वैकिल्पक आपूर्ति के बारे में भी सोचना होगा। नहीं तो आनेवाले दिनों में राज्य से पालयन भारी संख्या में होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**निर्माण क्षेत्र से जुड़े पंजीकृत मजदूर वाले टॉप पांच जिले**

हजारीबाग-1,47,061
चतरा-95,303
रामगढ़-59205
रांची-46,678
गोड्डा-39,775

**टॉप पांच जिलों के पंजीकृत प्रवासी मजदूर (सभी तरह के काम करने वाले)**

गिरिडीह- 19,049
गोड्डा-16,492
पाकुड़-14,716
प. सिंहभूम-13,533
गुमला-13,208

---

# सुखदेवनगर थाना प्रभारी पर प्रताड़ना का आरोप, लाइन हाजिर

**एक सप्ताह पहले ही बने थे थानेदार, महिला अधिवक्ता ने लगाया आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में खाकी एक बार फिर दागदार हुई है। सुखदेवनगर थाना प्रभारी रमाकांत ओझा पर महिला को जबरन थाने बुला कर प्रताड़ित करने का आरोप लगा है। इस मामले में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही दारोगा विजय कुमार को थाना प्रभारी का चार्ज सौंपा है।




यह आरोप महिला अधिवक्ता ने लगाये हैं। महिला अधिवक्ता ने थानेदार रमाकांत ओझा पर कमरे में अकेले बुलाने और झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया है। सुखदेव नगर थानेदार ने महिला के पासपोर्ट, मोबाइल और शादी के एलबम को भी जब्त कर लिया है। रमाकांत ओझा पर आरोप लगते ही वह छुट्टी पर चले गये हैं और दारोगा विजय कुमार को तत्काल थाना का चार्ज दे दिया गया है। इस मामले में पीड़ित महिला ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। वहीं इस मामले में एसएसपी ने तत्काल ही थानेदार रमाकांत ओझा को लाइन क्लोज कर दिया है।

सुसाइड नोट में पीड़िता ने लिखा है कि थानेदार ने रात भर थाना में रखा और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। और एक सादा पेज पर मेरे हस्ताक्षर लिये गये। थानेदार द्वारा लगातार मुझसे दोस्ती करने का दबाव दिया जा रहा था और एक औरत की बेबसी का फायदा सुखदेव नगर थानेदार द्वारा कैसे उठाया जा रहा था, यह इस कांड का प्रमाण है। मैं और ज्यादा बेइज्जती सहन नहीं कर सकती। मेरा किसी से कोई रिश्ता नहीं है। यह आत्महत्या नहीं मेरा कत्ल है। बता दें कि महिला ने नोट लिखने के बाद सुसाइड करने की कोशिश की थी।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की छुट्टियों को 2 मार्च तक के लिए रद्द कर दिया गया है। रांची के ट्रैफिक एसपी कार्यालय की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। ट्रैफिक एसपी ने जारी आदेश में कहा है कि अगर पहले से किसी पदाधिकारी या कर्मी ने अवकाश ले रखा है, तो उनका अवकाश भी स्थगित किया जाता है। एसपी ने बताया कि 23 फरवरी से 27 फरवरी तक धुर्वा के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच इंटरनेशनल टेस्ट क्रिकेट मैच खेला जायेगा। इसके साथ ही 23 फरवरी से 2 मार्च तक झारखंड विधानसभा का बजट सत्र बुलाया गया है। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात व्यवस्था के लिए प्रतिनियुक्त किये गये सभी पदाधिकारियों, कर्मियों के अवकाश को रद्द कर दिया गया है।

# आइपीएस अजय भटनागर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नये डीजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (इनवेस्टिगेशन) के नये डीजी होंगे। 1989 बैच के आइपीएस अजय भटनागर की नियुक्ति से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय भटनागर को इससे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो में विशेष निदेशक नियुक्त किया गया था। भटनागर झारखंड कैडर के 1989 बैच के आइपीएस हैं और सीबीआइ में अतिरिक्त निदेशक के पद पर भी रह चुके हैं।

# व्यवस्था परिवर्तन के बगैर डायन हत्या पर अंकुश असंभव : सालखन मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने चाइबासा के हाटगम्हरिया में डायन बिसाही का आरोप लगा कर चार लोगों की हत्या कर दिये जाने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि डायन बता कर माता-पिता और दो मासूमों की हत्या जैसा समाचार दिल को दहला देता है। मुर्मू ने कहा कि हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के नुरदा गांव में घटित आदिवासी परिवारों की नृशंस हत्या के पीछे डायन या जमीन विवाद का मामला हो, लेकिन यह अन्याय, अत्याचार, शोषण का विभत्स पशुवत कृत्य है। चिंता का विषय यह है कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति प्रत्येक आदिवासी गांव-समाज में निरंतर चालू क्यों है। आखिर यह कब रुकेगा और कैसे रुकेगा। आदिवासी सेंगेल अभियान के अनुसार इनकी रोकथाम आदिवासी गांव समाज में व्यवस्था परिवर्तन के बगैर असंभव है। क्योंकि, आदिवासी गांव-समाज में नशापान, अंधविश्वास, डायन प्रथा, जुर्माना लगाना, सामाजिक बहिष्कार, ईर्ष्या, द्वेष, महिला विरोधी मानसिकता आदि को सामाजिक स्वीकृति प्राप्त है। इनको रोकने की जगह आदिवासी स्वशासन व्यवस्था प्रत्यक्ष-परोक्ष इनको आगे बढ़ाने का काम करती है।



# एक ही जगह पर जमे कर्मियों की तैयार हो रही रिपोर्ट

**नगर विकास विभाग ने मांगी है तीन-चार साल से जमे अधिकारी-कर्मियों की सूची**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास विभाग ने तीन से चार वर्षों से नियुक्त एवं पदस्थापित अधिकारी-कर्मचारी, संविदा कर्मियों के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में सभी नगर निगम, नगर निकाय, प्रबंध निदेशक आवास बोर्ड, खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार माडा, उपाध्यक्ष आरआरडीए, परियोजना निदेशक जुडको और मुख्य अभियंता अभियंत्रण कोषांग मुख्यालय को पत्र लिखा है। निर्वाचन विभाग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया है और लोकसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए गृह जिला और अन्य जिलों में पदस्थापित अधिकारी-कर्मियों की सूची मांगी है। विभाग ने विस्तृत प्रतिवेदन देने को कहा है। इसके बाद इनके ट्रांसफर पर मंथन होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.2 °c | 11.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.45 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.19 बजे |



# भूमाफिया और भाजपा नेताओं के कब्जे में है आदिवासी जमीन : बंधु

## भुइंहरी जमीन के कुछ मामले पर ही क्यों सवाल उठा रहे भाजपा नेता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि रांची में जमीन के वैसे सैकड़ों मामले हैं, जहां गैर आदिवासियों, भू-माफिया, भाजपा नेता और उद्योगपतियों ने आदिवासियों की भूमि पर जबरदस्ती कब्जा जमाया हुआ है। इस कारण ही जमीन की समस्या विकराल हो गयी है। गैर आदिवासियों और भाजपा नेताओं के साथ ही भू माफियाओं और जमीन दलालों ने मिल कर झारखंड में सीएनटी एक्ट की धज्जियां उड़ा दी। हेमंत सोरेन को तथाकथित भुइंहरी जमीन के मामले में संलिप्तता पर इडी ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले पर बोलने में भाजपा नेता विशेष रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जितना अधिक आक्रामक हैं, वहीं वैसे सैकड़ों मामले पर वे खामोश क्यों हैं, जहां भुइंहरी जमीन का गैर कानूनी रूप से खरीद-बिक्री और हस्तांतरण किया गया।

पत्रकारों से बातचीत में श्री तिर्की ने कहा कि कांके क्षेत्र के चूरी मौजा और पिठोरिया क्षेत्र का सुतियांबे पहाड़ देखते-देखते गायब हो गया और उसके पीछे भाजपा के नेताओं का ही हाथ है, लेकिन इस मामले में भाजपा नेताओं ने अपने ओठ सील लिये हैं। उन्होंने कहा कि सिमलिया में भी प्रबुद्ध नगर सहकारी गृह निर्माण समिति ने जतरा की जमीन पर जबरन कब्जा जमाया हुआ है और बिना ग्राम सभा की सहमति के समिति वहां निर्माण कार्य करवा रही है। पुरानी रांची में भी भुइंहरी जमीन का ऐसा ही मामला है, लेकिन इन सब मामले में भी भाजपाई एक शब्द नहीं बोलते।

उन्होंने आदिवासी रैयती-गैर मजरूआ भूमि को भाजपा के नेताओं और जमीन दलालों से मुक्त कराने की मांग की। श्री तिर्की ने भूमि का फर्जी कागजात के आधार पर खरीद-बिक्री करने का आरोप भी लगाया और कहा कि यह सीएनटी एक्ट का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वैसे अवांछित तत्व अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए न केवल राजधानी या इसके आसपास के क्षेत्र, बल्कि पूरे झारखंड में फर्जी कागजात बना कर जमीन के धंधे में संलिप्त हैं, जिसके कारण सामाजिक सौहार्द्र को खतरा है और आपराधिक घटनाएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने फर्जी दस्तावेज के आधार पर आदिवासी रैयती-गैर मजरुआ भूमि की खरीद-बिक्री पर अविलंब रोक लगाने और मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से अविलंब कार्रवाई का आग्रह किया।

# जातीय गणना से दूर होगा भ्रमः राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा जातीय गणना कराने को लेकर अधिकारियों को मौखिक आदेश दिये जाने पर कहा कि मुख्यमंत्री मौखिक नहीं लिखित आदेश निर्गत करें। प्रसाद ने कहा कि जातीय गणना कराने को लेकर मोर्चा लगातार मांग करता रहा है। जातीय गणना से राज्य में भ्रम की स्थिति दूर होगी और सही जानकारी लोगों को मिल पायेगी। कहा कि झारखंड में जातीय गणना से समाज में कोई कटुता पैदा नहीं होगी, बल्कि हर जाति, धर्म के पिछड़े-वंचित लोगों को विकास की मुख्य धारा से सरकार को जोड़ने में मदद मिलेगी।

# झारखंड में उच्च शिक्षा का हाल बेहाल : सांवरमल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विनोबा भावे विवि के पूर्व सिंडिकेट सदस्य सांवरमल अग्रवाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयो में कुलपति, प्रति कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक सहित प्रशासनिक पदाधिकारी के पद पिछले लगभग एक वर्ष से खाली पड़े हैं। हाल यह है कि प्रभारी के भरोसे विश्वविद्यालय चल रहे हैं। उच्च शिक्षा में गिरावट दिनों दिन हो रही है। विश्वविद्यालय-महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण समाप्त हो रहा है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** – सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** – धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** – माता पिता का सहयोग,प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** – पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** – विगड़ा काम बनेगा,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** – नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।
- **वृश्चिक** – पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।
- **धनु** – आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** – सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** – विरोधियों पर विजय,सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **मीन** – विना-विचारें कोई काम न करें, चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

## हेमंत की गिरफ्तारी का विरोधः कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

# झारखंड से होगा भाजपा का सूपड़ा साफः झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो लोहरदगा और रांची जिला समिति की ओर से रविवार को भी उपवास रखा गया। मोरहाबादी में गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास में शामिल कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां भी लिये हुए थे। इसमें लिखा था- हमारा हेमंत, हमारा अभिमान, झारखंड झुकेगा नहीं।

लोहरदगा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि जिस तरह से अंग्रेज हिटलरशाही शासन चलाते थे, उसी तरह से नरेंद्र मोदी भी देश चला रहे हैं। अब वक्त आ गया है झारखंड के साथ पूरे देश से भाजपा का सूपड़ा साफ करने का। यहां की जनता नरेंद्र मोदी की हिटलरशाही को देख रही है। आनेवाले लोकसभा, विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी। रांची जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि जनता के सामने है कि किस प्रकार से मोदी सरकार हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है। जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है। इसका जवाब केंद्र की भाजपा सरकार को जरूर मिलेगा।

### उपवास में हुए शामिल

केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, विनोद यादव, समीद अंसारी, सरिता भगत, डॉ हेमलाल मेहता, कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, तालकेश्वर महतो, अनिल उरांव, बीरु साहू, आफताब आलम, अफरोज आलम, अरुण वर्मा, आदिल इमाम, अरविंद सिंह देवल, सुजीत उपाध्याय, फरीद खान, परवेज आलम, विलियम रिचर्ड लकड़ा, विनीता भगत, राखी देवी, अजय उरांव, रमजान रजा, राधा हेंब्रम, राधा बाउरी, शंकर उरांव, परवेज अंसारी, बुद्धिमान उरांव, राजकिशोर राम, बिरिश मिंज, मोजाहिद हुसैन, विनोद तिर्की, धुचु तिर्की, सुखराम उरांव समेत अन्य शामिल हुए।

# महाजनी का विरोध करनेवाले महाजन बन गयेः सुदेश

## जीतेंद्र सिंह ने समर्थकों संग आजसू का दामन थामा

**शाहजहां मंसूरी ने भी ली सदस्यता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि महाजनी प्रथा का विरोध करनेवाले लोग आज झारखंड में खुद महाजन बन बैठे हैं। जनता के प्रति जवाबदेह नेतृत्व की कमी से राज्य गुजर रहा है। राज्य को एक ऐसा नेतृत्व चाहिए, जो हर वर्ग और सबके विचारों को साथ लेकर चले। वर्तमान और भविष्य की पीढ़ी के लिए राज्य को बेहतर बनाने की चुनौती सामने है। हम सभी को मिल कर झारखंड की राजनीति को फिर से पटरी पर लाना है। वह रविवार को अरगोड़ा मैदान में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। मिलन समारोह में समाजसेवी जीतेंद्र सिंह, पद्मश्री मधु मंसूरी के पुत्र शाहजहां मंसूरी ने समर्थकों संग आजसू का दामन थामा।

सुदेश महतो ने कहा कि कुछ लोग विरासत के साथ सत्ता में आ जाते हैं। वैसे लोग जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर काम करने के बजाय सत्ता के बेजा इस्तेमाल पर उतर जाते हैं। कहा कि गरीबों के चहेरों पर हंसी लाना ही आजसू का लक्ष्य है। सरकार के पास लोगों के जीवन में सुधार के लिए कोई प्लान नहीं है। शहरी परिवेश को स्मार्ट बनाने की जरूरत है।

**इनकी रही उपस्थिति :** मिलन समारोह में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, सुनील यादव, वीरेंद्र प्रसाद, निर्मला भगत, हसन अंसारी, डॉ अशोक नाग, भरत काशी, डॉ रीना गोडसारे, ज्ञान सिन्हा, एस अली, आशुतोष गोस्वामी, वर्षा गाड़ी, सीमा सिंह, विजेता वर्मा आदि उपस्थित थे।

### सुदेश से प्रभावित होकर आजसू में शामिल हुआ

समाजसेवी जीतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड की प्रगति के प्रति सुदेश महतो की सोच और उनके कार्यों से प्रभावित होकर जमीनी स्तर पर कार्य करने वाली आजसू पार्टी में शामिल हुआ। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र आज पूरे राज्य में विकास का आइना है।

# 200 लोगों ने ली भारतीय जनतंत्र मोर्चा की सदस्यता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकर्ता सह सदस्यता अभियान में रविवार को 200 से अधिक महिलाओं और नये सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक थे। केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से संपर्क साध कर समस्याओं को चिह्नित कर उसके निदान की पहल करें। केंद्रीय उपाध्यक्ष पंचानन सिंह ने बताया कि आप एक ऐसे शख्सियत सरयू राय से जुड़े हैं, जो भारतीय जनतंत्र मोर्चा के मुख्य संरक्षक हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार से कभी समझौता नहीं किया। केंद्रीय उपाध्यक्ष मुकेश पांडेय, सचिव सौमेन दत्ता, आशीष शीतल मुंडा, मीर अशरार संजू, वक्तावर खान, मो नियामतुल्ला खान, मो फिरोज खान, संतोष सोनी, अनिता शर्मा, भवानी मिश्रा, उषा सिंह, मंटू सिंह, रीना शर्मा, मो अमन, सुरेंद्र कुमार, संतोष कुमार, रंजीता कुमारी, नेपाल सिंह मुंडा, मुस्ताक अहमद समेत अन्य मौजूद थे।

# शिक्षक प्रोन्नति पर रोक लगाने की संघ ने की मांग

**गलत तरीके से दी जा रही ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगाने का आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने विभिन्न जिलों के उपायुक्त-जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर गलत तरीके से दी जा रही ग्रेड 7 प्रोन्नति पर रोक लगाने का आग्रह किया है।

इस संबंध में संघ के प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह ने कहा कि एक तरफ नयी प्रोन्नति नियमावली के प्रारूप पर सभी से आपत्ति मांगी गयी थी, उसका निराकरण करते हुए नयी प्रोन्नति नियमावली बननी है।

दूसरी तरफ उक्त नियमावली में कुछ प्रावधानों के प्रत्याशा में ही सीधी नियुक्ति से नियुक्त शिक्षकों को वरीयता सूची से बाहर करते हुए प्रोन्नति देने की प्रक्रिया जिलों के द्वारा की जा रही है। इसका विरोध करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू ने बताया कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद आननफानन में किसी तरह एक समूह को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रोन्नति देना पूर्णतः अन्यायपूर्ण है।

## धनलक्ष्मी श्रीनिवासन यूनिवर्सिटी का एसोसिएट मीट

# मेधावी को 50 फीसदी की स्कॉलरशिप

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** धनलक्ष्मी श्रीनिवासन यूनिवर्सिटी तिरुचिरापल्ली के तत्वावधान में एसोसिएट मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के डीन इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डॉ संजय सिंह, डायरेक्ट एडमिशन सतीश कुमार ने यूनिवर्सिटी के फीचर्स से अवगत कराया।

डॉ संजय कुमार ने बताया कि झारखंड-बिहार के मेधावी छात्रों के लिए यूनिवर्सिटी की फीस में 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप दी जा रही है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लड़कियों को अतिरिक्त 10 प्रतिशत की स्कॉलरशिप भी दी जा रही है।

करियर सलाहकार डॉ एसएस सिंह, पलानीअप्पन, ग्लोबस एजुकेशन फाउंडेशन के संस्थापक गौरव राजपूत और मो वसीम अहमद समेत अन्य उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान का 100 साल

# शिक्षा-रोजगार में कुरैश संस्थान का कोई जोड़ नहीं

**कांटाटोली से लेकर अंजुमन प्लाजा तक स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश संस्थान के सौ साल पूरा होने पर झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी के नेतृत्व में अंजुमन प्लाजा सभागार मे कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला से मोटरसाइकिल रैली से हुई, जो कांटाटोली चौक, कुम्हार टोली, पत्थलकुदवा, आजाद बस्ती, कर्बला चौक होते हुए गयी। इस दौरान ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी, प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी समेत अन्य का स्वागत किया गया। रैली में हेलमेट का भी वितरण किया गया। मौके पर लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, चुटिया ट्रैफिक थाना प्रभारी इम्तियाज आलम, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री महताब आलम, टीओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज, एएसआइ भीम सिंह को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन कुरैशी ने कहा कि वर्तमान समय में कुरैशी समाज में शिक्षा, रोजगार को लेकर लगातार काम किया जा रहा है। अब मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया है। देश के करीब सभी प्रदेशों में मॉडर्न स्लाटर हाउस है। झारखंड में भी होना चाहिए, किसी तरह की परेशानी है, तो जानकारी दें। वहीं राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, डॉ युसूफ कुरैशी, अब्दुल मजीद कुरैशी, हाजी मुख्तार, बब्लू शहजाद, पूर्व पार्षद असलम, संजू सलाउद्दीन, शाबिर कुरैशी, शकील, साजिद, अकीर्लुरहमान समेत अन्य मौजूद थे।

# जेल अदालत में चार कैदियों को किया गया रिहा



**रांची (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा जेल में अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन को लेकर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंदियों का आवेदन जेल अदालत में समर्पित किया गया। इस पर चार बंदियों को जेल अदालत ने हाजत अवधि का लाभ देते हुए उन्हें रिहा किया। इन चार बंदियों में धीरज मुंडा, झरी मुंडा, तिरथनाथ महतो और प्रेमचंद मुंडा उर्फ परमा मुंडा शामिल हैं। मौके पर डालसा सचिव राकेश रंजन, शंभु महतो, डीएन शुक्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

# नया झारखंड भवन दिल्ली के केंद्र में होने से बढ़ेगी सुगमता : चंपाई

**मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बन रहे झारखंड भवन का किया अवलोकन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को निर्माणाधीन झारखंड भवन का अवलोकन किया। दिल्ली के कनाट प्लेस में बन रहे नये झारखंड भवन का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अभी झारखंड भवन वसंत विहार में स्थित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत समय से झारखंड भवन को दिल्ली के केंद्र में होने की आवश्यकता थी। अब ये आवश्यकता पूरी हो रही है।

नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। आशा है कि जल्द ही इसको क्रियान्वित किया जायेगा, जिससे सुगमता बढ़ेगी। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य स्थानिक आयुक्त के श्रीनिवासन और झारखंड भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 19 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# एयरपोर्ट में अतिथियों को सुविधा के लिए मिलेंगे हर माह 25 हजार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एयरपोर्ट पर झारखंड के अतिथियों को दी गयी पोर्टर सेवा के लिए अधिमतम प्रतिमाह (पर पर्सन पर ट्रिप) 25 हजार दिये जायेंगे। वहीं, प्रति व्यक्ति, प्रति फेरा के लिए 400 रुपये पोर्टर को दिया जायेगा। हालांकि यह सेवा अस्थायी रूप से दी जायेगी। जैसे ही रांची एयरपोर्ट पर किसी एजेंसी के साथ पोर्टर सेवा के लिए करार हो जायेगा, तो इसे बंद कर दिया जायेगा। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने इस बाबत आदेश जारी किया है।

## एजेंसी के साथ करार खत्म, सात लोग दे रहे सेवा

दरअसल, रांची एयरपोर्ट ऑथोरिटी ने रांची एयरपोर्ट पर पोर्टर की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेसर्स स्पीडविंग सर्विस लि से करार किया था। इस कंपनी के साथ एग्रीमेंट अप्रैल 2023 में ही समाप्त हो गया। इसके बाद रांची के ही एक व्यक्ति के द्वारा ठेके पर सात कर्मियों द्वारा एयरपोर्ट पर पेड पोर्टर व्यवस्था की शुरुआत की गयी। यह सुविधा तब तक प्रदान की जायेगी, जब तक वहां किसी एजेंसी के साथ करार नहीं हो जाता है।

# रामपुर रिंग रोड में चला जांच अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रामपुर रिंग रोड के पास अक्सर हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए रविवार को जांच अभियान चलाया गया। इसमें डीटीओ अखिलेश कुमार, ट्रैफिक डीएसपी जीतवाहन उरांव और रोड सेफ्टी की टीम मौजूद थी। जांच अभियान में 30 बिना हेलमेट और 4 ट्रिपल राइड पकड़े गये। इसके साथ 2 चारपहिया वाहन गलत नंबर प्लेट के साथ पकड़े गये। इनसे लगभग 35 हजार का जुर्माना वसूला गया।

# श्री कृष्ण प्रणामी भंडारा में भजन-कीर्तन पर झूमे भक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट, स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को पुंदाग स्थित सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में भंडारा और भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। 52 वर्ष पूरे होने पर अंकित अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल ने परिवार संग पुड़ी, मिक्स वेज, सब्जी, वेज पुलाव, हलवा, चिप्स, संतरा, टॉफी का वितरण किया। आश्रम प्रांगण में लगभग 1100 से ज्यादा श्रद्धालुओं महाप्रसाद पाया। मौके पर डुंगरमल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, विकास अग्रवाल, विष्णु सोनी, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी, धीरज गुप्ता, चंद्रदीप साहू, परमेश्वर साहू, ललिता अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, शिला मुरारका समेत अन्य उपस्थित थे।

## आस्था : आज बहेगी भक्तिरस की अविरल धारा

# दुर्गा मंदिर के वार्षिकोत्सव पर निकली भव्य कलश यात्रा





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के रातू रोड स्थित दुर्गा मंदिर के दो दिवसीय 37वें वार्षिकोत्सव पर रविवार को गाजे-बाजे संग भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर राणी सती मंदिर पहुंची। यहां से पवित्र जल कलश में भरा गया। इसके बाद भक्तगण पहाड़ी मंदिर रोड, गाड़ीखाना चौक, जेजे रोड, शहीद चौक से मुड़ कर गांधी चौक, महावीर चौक के रास्ते न्यू मार्केट चौक, रातू रोड होते हुए वापस मंदिर लौटे। इसके बाद जल भर कर लाये गये कलश को मंदिर में स्थापित किया गया। प्रसाद वितरण के साथ पहले दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा क्षेत्र, यात्रा से पहले मां का किया गया श्रृंगार

### जीवंत झांकी बिखेर रही थी आभा

शोभायात्रा से पहले सुबह साढ़े आठ बजे मां का अभिषेक-पूजन कर पुष्प से आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर के पुरोहित संतोष पाठक ने नेम-निष्ठा से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणपत्यादी देवताओं का पूजन-अनुष्ठान संपन्न कराया। इसके बाद मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु शामिल हुए। प्रचार वाहन और बैंड बाजा के कलाकारों के साथ आरआर स्पोर्टिंग क्लब के मुख्य संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, पूर्व पार्षद अशोक यादव, अजय कुमार सिन्हा टुनटुन समेत क्लब के सदस्य अगुवाई करते चल रहे थे। इनके पीछे कलशधारी महिलाओं और श्रद्धालुओं की लंबी कतार थी। शोभायात्रा में वाहन पर श्रीराम दरबार और मां दुर्गा की मनोहारी जीवंत झांकी आभा बिखेर रही थी। ताशा पार्टी और डीजे वाले वाहन के साथ कलशधारी महिलाएं भी मां का जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं।

### स्थापना पूजन और भंडारा आज

वार्षिकोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन सुबह से देर शाम तक भक्ति की अविरल धारा बहेगी। सुबह दैनिक पूजन-आरती के बाद लाये गये पवित्र जल से शुद्धि की जायेगी। इसके बाद स्थापना पूजन-अनुष्ठान चलेगा। हवन के बाद दोपहर साढ़े 12 बजे से भंडारा शुरू होगा। शाम साढ़े छह बजे से देर शाम तक भक्ति गीतों का कार्यक्रम चलेगा।

# मुनचुन अध्यक्ष और राजकुमार महामंत्री चुने गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री राम मंदिर शिव बारात समिति की बैठक रविवार को मंदिर प्रांगण में संरक्षक छत्रधारी महतो की अध्यक्षता में हुई। इसमें 8 मार्च को शिव बारात निकलने का निर्णय लिया गया। इस दौरान वर्ष 2024 के लिए नयी कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

**मुख्य संरक्षक-** पद्मश्री मुकुंद नायक, गोपाल नायक, महंत गोकुल दास

**संरक्षक-** मनपुरण नायक, छत्रधारी महतो, मदन केसरी, कृष्णा साहू, उमेश केसरी, मदन सिंह, अनंत कुमार सिंह

## 8 मार्च को शिव बारात की रहेगी धूम

**संयोजक-** रामलखन महतो, सुरेश साहू, विनय अग्रवाल, विजय सिंह, कैलाश केसरी, एडवर्ड सोरेन, संजय प्रसाद

**सह संयोजक-**राधेश्याम केसरी, जनार्दन शाह, सतीश सिन्हा, सुजीत शर्मा, विक्की सिंह, गुज्जा तिर्की, दिलीप साहू, मुन्ना सिंह, रूपेश केसरी, कृष्ण चंद्र

**अध्यक्ष-मुनचुन राय**

**वरीय उपाध्यक्ष-** रवि सिंह, मैनु नायक, रवि गोप, प्रमोद गोप, अमित साहू

**उपाध्यक्ष-** कौशल चौधरी, उदय पासवान, धंजू नायक, सतीश पांडेय, अविचल सिंह, चंदन नायक, काया नायक, मनोज गोप, उदय केसरी, मनोज पासवान, पप्पू विवेक ठाकुर, भोला केसरी, मुकेश वर्मा पप्पू

**महासचिव-** राजकुमार महतो, वीरू साहू

**सचिव-**ललन चौधरी, रानू चौबे, विक्रम साहू, शंकर महतो, प्रमोद राय, संजय महतो, अनिल सिंह, किशोर नायक, सूरज रजक, रणजीत राम, तपन कुमार महतो, राजू सिंह, महावीर रजक

**सह-सचिव-**अजीत केसरी, अनूप सोनी, राजेंद्र केसरी, मुन्ना ठाकुर, सुनील सहाय, जीतेंद्र शाह, हरीश केसरी, भवानी बर्णवाल, रतनलाल, सकलदीप सिंह, चुन्नू गोप, बल्लू महतो, गुल्लू गोप, प्रतीक चौधरी, मनीष केसरी, अरविंद यादव, रंजन शर्मा, मयंक शर्मा, बनवारी यादव, रोहित नायक, ओम प्रधान, नुतन महतो, पंकज केसरी, अंकित आनंद केसरी, सुमित कुमार, शिव केसरी

**मीडिया प्रभारी-** राहुल शर्मा

**प्रवक्ता-** प्रेम सिंह


# शिवाजी की जयंती आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** शिवाजी चौक बूटी मोड़ में छत्रपति शिवाजी सेना के तत्वावधान में 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती मनायी जायेगी। छत्रपति शिवाजी सेना के सचिव सतीश कुमार केसरी ने रविवार को बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो और कांके विधायक समरीलाल, मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जीतेंद्र सिंह पटेल और अरुण साहू उपस्थित रहेंगे।

# एबीवीपी का छात्र हुंकार धरना आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश की ओर से राजभवन के समक्ष 19 फरवरी को छात्र हुंकार धरना का आयोजन किया गया है। प्रदेश मीडिया संयोजक दुर्गेश यादव ने रविवार को कहा कि एबीवीपी झारखंड प्रदेश की ओर से कुलपति की नियुक्ति और विश्वविद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षिक कुव्यवस्था को दूर करने के लिए आंदोलन का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले का भी विरोध किया जायेगा।

# सीएम चंपाई सोरेन से मिलेंगे मनरेगाकर्मी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मनरेगा कर्मचारी सेवा संघ स्थायीकरण की मांग को लेकर इस सप्ताह मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा। इस संबंध में देवघर जिला में मनरेगा कर्मचारी संघ की बैठक की गयी। बैठक में संतोष बेसरा ने कहा कि उच्च न्यायालय ने संविदा कर्मियों को स्थायीकरण का आदेश पारित किया है। उसके अनुसार बिना विलंब किये मुख्यमंत्री से मिल कर कैबिनेट से इसे पारित कराने की मांग की जायेगी। सभा को दिगंबर राय, रविकांत मिश्रा, सूरज दुबे, रजनी टुडू, संगीता कुमारी मुर्मू, दिलीप दास, विजय पांडेय, गणेश महार, किसलय सिंह, दीपक ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

# स्वास्थ्य शिविर में 300 मरीजों का हुआ इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के झालदा में सेवा और डॉ लाल्स अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें डॉ लाल्स अस्पताल रांची के डॉ समित लाल, डॉ रोहित लाल, डॉ निखिल मिंज, डॉ शाब्दिका लाल, डॉ श्वेता लाल ने मरीजों का इलाज किया। शिविर में लगभग 250-300 मरीजों का निःशुल्क इलाज किया गया। इसके साथ मरीजों को निःशुल्क दवा और प्रूडेंट पैथलैब की तरफ से निःशुल्क जांच की व्यवस्था की गयी थी।

इसमें उच्चस्तरीय विशेष जांच में भारी छूट दी गयी। सेवा संस्था के द्वारा समय समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को ऐसे शिविर से काफी लाभ मिलता है।

# राशि सरेंडर करना हित में नहीं : विजय शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विजय शंकर नायक ने कहा कि बजट राशि को खर्च नहीं सरेंडर करना झारखंडी समाज के हित में नहीं है। कहा कि सरकार में जनवरी तक मात्र 54 फीसदी राशि ही खर्च होने और 16,500 करोड़ सरेंडर होने की संभावना है। कहा कि सभी सरकारों ने चाहे बीजेपी-आजसू, झामुमो-कांग्रेस-राजद की सरकार रही हो, सभी ने विकास नहीं कर राशि सरेंडर की है। यह झारखंड जैसे गरीब राज्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। सरकार को अपने आंतरिक संसाधनों में वृद्धि करना चाहिए, ताकि शत-प्रतिशत राशि विकास पर खर्च हो सके।

# जातीय गणना का ओबीसी मोर्चा ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जातीय गणना किये जाने के निर्णय का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि देश और राज्य में जातीय जनगणना करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा लंबे समय से आंदोलनरत है। इसके लिए धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल, आक्रोश मार्च, जेल भरो अभियान सहित अन्य आंदोलन हुए।

# होटल एसोसिएशन ने चुटिया थानेदार का किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड होटल एसोसिएशन ने चुटिया थाना के नव नियुक्त प्रभारी उमाशंकर का स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना उर्फ बॉबी, सचिव चिरंजीव राय, टूरिज्म डिपार्टमेंट के अध्यक्ष अमरदीप सहाय उपस्थित थे। इस दौरान सभी होटल मालिकों से मीटिंग के लिए आग्रह किया। होटल एसोसिएशन से थाना प्रभारी से सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बात की।

# एचइसी का भेल में विलय पर कांग्रेस ने किया सवाल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता कमल ठाकुर ने एचइसी को भेल में विलय करने पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय से इस संबंध में पुष्टि करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि एचइसी के कामगार पिछले 30 दिनों से हक के लिए न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन मंत्रालय ने मांगों के संबंध में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। इस बाबत राहुल गांधी के जरिये भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एचइसी की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया है। मजदूरों की समस्याओं और एचइसी के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार का कोई भी आधिकारिक बयान नहीं आया है और न ही मजदूरों का हमदर्द बनने वाले प्रदेश भाजपा के किसी भी नेता ने आंदोलनरत मजदूरों से मुलाकात तक करने की कोशिश की है।

## नौ साल से गृह जिला जाने की टकटकी, दो वर्षों से ट्रांसफर पोर्टल में गड़बड़झाला

# शिक्षकों का स्थानांतरण: इंतहा हो गयी इंतजार की...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्राथमिक शिक्षकों के अंतर जिला स्थानांतरण के इंतजार की घड़िया खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। विगत नौ वर्षों से खासकर महिला शिक्षक अपने गृह जिला जाने को आतुर हैं, लेकिन ट्रांसफर पोर्टल में गड़बड़झाला के कारण मामला ठंडे बस्ते में ही है। अब इसे लेकर शिक्षक संघ ने विरोध का रास्ता अपनाया है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रवक्ता नसीम अहमद ने कहा कि राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालय के शिक्षकों के लिए अंतर जिला स्थानांतरण एक पहेली बन कर रह गया है। नियमानुसार तीन वर्षों की सेवा पूरी होने पर अंतर जिला स्थानांतरण किया जा सकता है, परंतु शिक्षकों के लिए यह सपना ही रह गया। ऑनलाइन शिक्षक ट्रांसफर पोर्टल में व्यापक त्रुटि है। पिछले दो वर्षों से इस पोर्टल पर कार्य हो रहा है। इसके बावजूद अभी भी त्रुटियों का सिलसिला दूर नहीं हो पाया है।




### चुनाव का भी सता रहा डर

शिक्षक नेता ने कहा कि शिक्षकों को भय है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चुनाव आचार संहिता के कारण अंतर जिला स्थानांतरण फिर लटक जायेगा।

### कब-कब बढ़ायी गयी तिथि

- शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए आवेदन जमा की प्रक्रिया 29 जुलाई-2023 थी।
- विभाग द्वारा 19 अगस्त को आवेदन जमा करने की तिथि निर्धारित की गयी।
- जुलाई में जारी पत्र के अनुसार 15 अक्टूबर तक तिथि बढ़ी।
- इसके बाद आवेदन की तिथि 9 सितंबर तक बढ़ा दी गयी।
- फिर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 5 नवंबर की तिथि निर्धारित की गयी।

### अब आंदोलन की सुगबुगाहट

इस मसले को लेकर शिक्षक एक बार फिर आंदोलन की राह पकड़ सकते हैं। धीरज कुमार, सुनील कुमार, राममूर्ति ठाकुर, अनूप केसरी, दीपक दत्ता, हरेकृष्ण चौधरी, बाल्मिकी कुमार ने कहा कि जल्द इस मसले पर पहल करे।

# मिथिला मंच के कैलेंडर का विमोचन

## मैथिली समाज को एक मंच पर आने की जरूरत : मिथिलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रविवार को आइएमए भवन में झारखंड मिथिला मंच के कैलेंडर सह पंचांग का विमोचन किया। मंत्री ने कहा कि जो भी अरसे से यहां रह रहे हैं, वे सब झारखंडी हैं। मूलवासी शब्द को गलत तरीके से यहां प्रचारित किया जाता है। मैथिली भाषी समाज की तो पहचान ही उसके मूल, उत्पत्ति से होती है। मैथिल समाज खासकर ब्राह्मणों में तो केवल गोत्र नहीं, मूल का भी पता लगाया जाता है।

मिथिलेश ठाकुर ने राज्य में रहने वाले सभी मैथिली भाषी लोगों से एक संगठन बनाने और एक मंच पर आने की अपील की। इससे समाज के और सशक्त होने की उम्मीद जतायी। लोकतंत्र में संख्या बल का महत्व होता है। ऐसे में इस समाज की एकजुटता सभी दलों, सरकारों में महत्वपूर्ण बनी रहेगी। उन्होंने स्वयंसेवक डॉ पंकज मिश्रा, सर्वजीत चौधरी, पंकज चौधरी, प्रवीण झा, डॉ ओमप्रकाश, डॉ आशीष झा को सम्मानित भी किया।

**सरकार की सेहत पर कोई असर नहीं :** सरकार में मंत्री पद के लिए खींचतान के सवाल पर मीडिया से मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सब फिजूल की बातें हैं। कहीं कोई परेशानी नहीं है। महागठबंधन परिवार में सब एक-दूसरे के साथ मजबूती से खड़े हैं। घर परिवार में हल्की-फुल्की नोकझोंक हो जाती है, पर इसे लेकर चिंता नहीं होती। मौके पर महासचिव मिथिलेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सतीश झा के अलावा मंच के कृष्ण मोहन झा, सुजीत झा, सर्वजीत चौधरी, भुवन किशोर झा, डी कुंवर, डॉ आरसी झा, सीआरपीएफ के रवि प्रकाश मिश्रा, डॉ आनंद शेखर झा, वरिष्ठ पत्रकार विजय पाठक, सुजीत झा, निशिकांत पाठक, जानकी प्रकोष्ठ की निशा झा उपस्थित थे।

# बैद्यनाथ को दो दिन में मंत्री नहीं बनाया गया, तो प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अनुसूचित जाति की 22 उपजातियों के प्रमुख लोगों की बैठक धुर्वा सेक्टर तीन में रविवार को हुई। इसमें कहा गया कि झारखंड सरकार दलितों का अपमान कर रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण बैद्यनाथ राम हैं। बैद्यनाथ राम को मंत्री बनने का बुलावा राजभवन से आया था। ऐन वक्त पर शपथ ग्रहण से उनका नाम हटा दिया गया। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक, बबलू पासवान, संतोष कुमार रजक, शिवजी राम, धर्मेंद्र राम, रंजीत बाउरी, रंजीत भुइयां, छोटू पासवान कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लगातार राज्य में रह रहे 50 लाख अनुसूचित जाति के लोगों का अपमान करने का काम कर रही है। कैबिनेट में अनुसूचित जाति के प्रतिनिधित्व नहीं रहने से उनके संवैधानिक हक-अधिकार की बात नहीं हो रही है। राज्य सरकार ने पहले भी नगर निकाय चुनाव में अनुसूचित जाति के लोगों को खाना परोस कर थाली छीनने का काम किया था। दोबारा मंत्रिमंडल में शामिल न कर सरकार अपमानित करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के आयोग का पद खाली पड़ा है। जेपीएससी-जेएसएससी जैसी संस्था में कोई सदस्य नहीं है। इन सारे विषयों को लेकर लोगों में आक्रोश है। कहा कि यदि राज्य सरकार दो दिनों में अनुसूचित जाति समाज को मंत्रिमंडल में जगह नहीं देती है, तो राज्य भर में अनुसूचित जाति के लोग उग्र प्रदर्शन करेंगे। बैठक में रामसागर राम, लाल बहादुर पासवान, टूना रजक, सुरजीत पासवान, श्याम नंदन प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, कृष्णकांत बौद्ध, धर्मेंद्र राम, जगदीश राम, संजय पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कंपनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कपंनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
विद्युत/क.वि. विभाग
विविध वैद्युतिक कार्य हेतू ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा संख्या: **TRD/OT/15/IOL/ CIC/2023-24** **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि:** Shifting of insulated overlap which are located within 120 meters of stop signal in CIC (Ph-II) कार्य समापन की अवधि – (12) बारह माह **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 97,53,224.79 **निविदा प्रपत्र का मुल्य:** –शून्य/– **3. बीड सिक्युरिटि:** रू.1,95,100/– **4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बंद होने की तिथि 11.03.2024 को 11: 00 बजे ई–निविदा खुलने की तिथि 11.03.2024 को 11: 30 बजे **5. वेबसाईट का विवरण वेबसाईट:** www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/02333/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/32

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय और गया स्टेशन पर पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना एवं संचालन हेतु ई–नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:–

**ई–नीलामी कैटेलॉग संख्या: NFR-PS- DDU-3**

**AA/1) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** गया स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना और संचालन पांच वर्षो के लिए, **ई–नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-GAYA-PS-2-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 02.03.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:30 बजे बंद होगी।

**AA/2) कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधी:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन की स्थापना और संचालन पांच वर्षो के लिए, **ई–नीलामी लॉट संख्या:** MSS-DDU-DDU-PS-1-23-1, **ई–नीलामी की तिथि एवं समय:** ई–नीलामी दिनांक 02.03.2024 को 13:00 बजे शुरू होगी और 13:40 बजे बंद होगी।

**वेबसाइट का पता जहाँ ई–नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in (e-auction leasing)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/02336/डीडीयू/सीओएमएल/एन/23–24/40

# अर्जुन मुंडा ने दस वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय परिषद की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रस्ताव रखा। केंद्रीय कृषि एवं जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने इसका समर्थन प्रस्ताव रखा।भारत मंडपम नई दिल्ली में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के दूसरे दिन जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने संबोधित किया। उन्होंने एनडीए सरकार के जनजातीय कार्य एवं कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के दस वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# डॉ कुलदीप ने प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी के निदान और उपचार के बारे में बताया



**रांची (आजाद सिपाही)।** इंद्रप्रस्थ अस्पताल दिल्ली के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ कुलदीप सिंह ने प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में प्लास्टिक तकनीकों के बारे में पत्रकारों को जानकारी दी। डॉ कुलदीप ने प्लास्टिक सर्जनों के अपनाये जा रहे नैतिक मानकों, सुरक्षा प्रोटोकॉल व अग्रणी तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि कुशल डॉक्टर को तैयार करने के उद्देश्य से इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में ट्रेनिंग सुविधा भी दी जा रही है। डॉ कुलदीप ने कहा कि हम मरीज को सौंदर्य प्रक्रियाओं में सबसे उन्नत न्यूनतम आक्रमक तकनीक तक पहुंच प्रदान करते हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर रोगी न केवल सुंदर दिखे बल्कि आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करें। हमारा मिशन केवल सर्जिकल प्रक्रियाएं करना नहीं बल्कि मरीजों को उनकी अनूठी यात्राओं पर साथ देना है। पिछले कुछ वर्षों से सर्वेक्षण में अस्पताल को लगातार भारत के 10 सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में स्थान दिया गया है।

# सुमन को आठ राज्यों की मिली जिम्मेदारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय हिंदू जागरण मंच की दो दिवसीय बैठक हरियाणा के पानीपत में समालखा के श्रीमाधव जनसेवा न्यास भवन में हुई। इसमें हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठक झारखंड-बिहार डॉ सुमन को पूर्वी क्षेत्र के आठ राज्यों के क्षेत्रीय संगठक की जिम्मेदारी दी गयी।



# युवाओं में हुक्का पीने का चलन

कुछ वर्षों से बड़े स्तर पर युवाओं में हुक्का पीने का चलन बढ़ रहा है तथा शहरी इलाकों में खुलने वाले हुक्का बार या हुक्का पार्लरों की बढ़ती संख्या इसका प्रमाण है। इन दिनों हुक्का बार रेस्तराओं, होटलों और क्लबों में खोले जा रहे हैं। यहां तक कि कहीं-कहीं तो विवाहों में भी हुक्का पेश किया जाता है। इसी वर्ष 18 जनवरी को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में रेस्तरां की आड़ में अवैध रूप से चलाया जा रहा हुक्का बार पकड़ा गया तथा पुलिस ने उसके मालिक सहित 5 लोगों को हिरासत में लेने के अलावा बार से हुक्का, पाईप व क्वायल सहित अन्य प्रतिबंधित सामान बरामद किया। इसी प्रकार गत वर्ष 27 दिसंबर को आगरा में स्थित एक प्लाजा में अवैध तरीके से चलाया जा रहा हुक्का बार पकड़ा गया, जहां से पुलिस ने 14 हुक्के, 13 पाइप और 3 चिलमें जब्त कीं। यहां उल्लेखनीय है कि फिलहाल देश में हुक्का बार को प्रतिबंधित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई नीति नहीं है परंतु महाराष्ट्र और गुजरात के बाद पंजाब ने 2018 में इन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया था। हरियाणा ने गत वर्ष और कर्नाटक सरकार ने इसी वर्ष हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया है, जबकि अब तेलंगाना भी इस सूची में शामिल होने जा रहा है। डाक्टरों के अनुसार हुक्का में भी सिगरेट की तरह ही सेहत को नुक्सान पहुंचाने वाले निकोटीन और टार जैसे पदार्थ होते हैं, जिसकी सिगरेट की तरह ही लोगों को लत लग जाती है। सामान्य हुक्का के साथ-साथ अब बड़े स्तर पर फ्लेवर्ड अर्थात हानिकारक सुगंधित रासायनिक पदार्थों से युक्त हुक्का का चलन भी बढ़ रहा है। हालांकि आम धारणा है कि फ्लेवर्ड हुक्का पीने से सेहत को नुकसान नहीं पहुंचता, परंतु वास्तविकता इसके विपरीत है। फ्लेवर वाले हुक्का में भी चारकोल होता है और इससे निकल कर फेफड़ों में जाने वाला धुआं कैंसर का कारण भी बन सकता है। कुछ लोग हुक्का के साथ शराब भी पीते हैं, जो काफी खतरनाक हो सकता है। हुक्का पीने से शरीर में जाने वाला धुआं फेफड़ों में इन्फैक्शन करता है। इससे हुक्का पीने वाले को अस्थमा हो सकता है। कुछ मामलों में यह हृदय रोग तथा हृदय की धमनियों के ब्लॉक होने का कारण भी बन सकता है। डाक्टरों का कहना है कि हुक्के में इस्तेमाल होने वाले कुछ फ्लेवरों से पेशाब में क्रेटिनिन नामक पदार्थ की मात्रा भी बढ़ सकती है जिससे किडनी की बीमारियां होने का खतरा रहता है। हुक्का पीने की इन्हीं हानियों को देखते हुए 12 फरवरी, 2024 को तेलंगाना विधानसभा ने हुक्का बार या हुक्का पार्लरों पर प्रतिबंध के प्रावधान वाला विधेयक सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। अन्य राज्यों में भी, जहां हुक्का बार या हुक्का पार्लरों पर प्रतिबंध नहीं है, वहां भी इस आशय का कानून शीघ्र बनाकर लागू करने की जरूरत है, ताकि लोग मौतों से बच सकें।

**डाक्टरों का कहना है कि हुक्के में इस्तेमाल होने वाले कुछ फ्लेवरों से पेशाब में क्रेटिनिन नामक पदार्थ की मात्रा भी बढ़ सकती है, जिससे किडनी की बीमारियां होने का खतरा रहता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

मथुरा और काशी पर इरफान साहब ने बयान दिया है। महत्वपूर्ण है कि उन्होंने इतिहासकार का चोला पहने एजेंडाधारियों या ओवैसी जैसों की तरह औरंगजेब को साफ-पाक साबित करने की कोई कोशिश नहीं की। उन्होंने साफ माना कि औरंगजेब ने काशी और मथुरा में हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया था और ऐसा कर उसने गलत किया था। उन्होंने यहां तक कहा कि यह साबित करने के लिए किसी सर्वेक्षण या अदालत के आदेश की आवश्यकता नहीं है कि वाराणसी और मथुरा में मंदिर तोड़े गये थे, क्योंकि इतिहास की किताबों में पहले ही इसका उल्लेख है।

# इतिहास को इतिहास की तरह ही देखा जाये

संत समीर



हमारे प्रिय इतिहासकार इरफान हबीब पक्के मार्क्सवादी हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उनके भीतर भी धर्म (संप्रदाय के अर्थ में) का एक चेहरा है, जिसकी ओर उनकी निगाहें रह-रह कर झुकती रहती हैं। वैसे, मार्क्सवाद का अब तक का इतिहास देखें तो यह भी किसी धर्म से कम नहीं है और इसमें भी अफीम वाले भरपूर गुण विद्यमान हैं। खैर, इरफान साहब के साथ बस एक बार का अपना परोक्ष संवाद रहा है। परोक्ष इसलिए कि आमना-सामना करने की जरूरत नहीं थी। एक चैनल पर गांधी की विचारधारा पर मुझे और उन्हें एक साथ बात रखनी थी। उन्होंने अपनी बात रखी और मैंने अपनी। उनके सामने मेरे जैसे लोग तो बच्चे से भी कमतर साबित होंगे, इसलिए बहस-मुबाहिसा करने की जरूरत नहीं थी।

मथुरा और काशी पर इरफान साहब ने बयान दिया है। महत्वपूर्ण है कि उन्होंने इतिहासकार का चोला पहने एजेंडाधारियों या ओवैसी जैसों की तरह औरंगजेब को साफ-पाक साबित करने की कोई कोशिश नहीं की। उन्होंने साफ माना कि औरंगजेब ने काशी और मथुरा में हिन्दू मंदिरों को ध्वस्त किया था और ऐसा कर उसने गलत किया था। उन्होंने यहां तक कहा कि यह साबित करने के लिए किसी सर्वेक्षण या अदालत के आदेश की आवश्यकता नहीं है कि वाराणसी और मथुरा में मंदिर तोड़े गये थे, क्योंकि इतिहास की किताबों में पहले ही इसका उल्लेख है।

**सच्चाई यह है कि मुगलों ने भारतीय समाज के गौरवबोध और आत्मसम्मान के भाव को खत्म करने की मंशा से काम किया था।**

मजहबी या गैर-मजहबी विचारधाराओं के परे जाकर इतिहास को इतिहास की तरह ही देखा जाये तो इरफान साहब के यहां तक के बयान में कोई समस्या नहीं है। समस्या इसके आगे है। आगे उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने जो किया, उसे 300 साल बाद दुरुस्त करने का औचित्य नहीं है। इरफान साहब के हिसाब से आखिर 300 साल से वहां पर मस्जिद बनी हुई है। औरंगजेब ने भले ही वहां पर मंदिर की जगह मस्जिद बनवायी हो, लेकिन अब उसे तोड़ कर वापस से मंदिर बनाना उचित नहीं है, वह भी तब, जबकि देश में संविधान लागू है। वह कहते हैं कि जो काम औरंगजेब ने किया, वही काम अब आप करने जा रहे हैं, ऐसे में आप में और औरंगजेब में क्या अंतर रह गया?

इस मामले में इरफान साहब से मैं सहमत नहीं हूं। आखिर गलती दुरुस्त हो सकती हो तो परेशानी क्या? अगर मंदिर को तोड़ कर बनायी गयी मस्जिद केवल इसलिए बनी रहने दी जाये कि वह 300 साल पहले से बनी हुई है, तो सवाल है कि सदियों तक मस्जिद की बुनियाद में मौजूद रही मन्दिर की पृष्ठभूमि पर क्या विस्मृति की धूल चढ़ा दी जाये? क्या सदियों पहले से मस्जिद की जगह मौजूद आस्था के मन्दिर की तुलना में एक कौम के स्वाभिमान को तोड़ने के लिए नफरत के भाव से बनाये गये इस मस्जिद के ढांचे को बड़ा मान लिया जाये? अगर सचमुच कहीं कोई गलती है, तो उसे दुरुस्त करने का औचित्य भी आखिर क्यों नहीं?

अतीत की इतनी बड़ी घटना को जो हुआ सो हुआ कहकर भुला देना क्या इतना आसान है? मुगलों द्वारा मंदिरों को तोड़ कर मस्जिदें बना देना, एक इमारत को दूसरी इमारत में बदल देना भर नहीं था। यह दूसरी कौम की संपत्ति पर कब्जा कर लेना या उसे हड़प लेना तो था ही, बुतशिकन के अहंकारी भाव से दूसरी कौम के सांस्कृतिक और धार्मिक चिह्नों को मिटा देने का अभियान भी था। हो सकता है, कुछ लोगों को रेसकोर्स रोड को लोककल्याण मार्ग बना देना, किंग्सवे को राजपथ के अहंकार से नीचे उतार कर कर्तव्य पथ में बदल देना, इंडियन पीनल कोड को भारतीय न्याय संहिता बना देना, फैजाबाद को अयोध्या का मूल नाम दे देना, मुगल गार्डन को अमृत उद्यान में रूपायित करना, या कि इंडिया गेट के सकल पर किंग जार्ज की जगह नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा लगा देना अखरे या गलत और अनौचित्यपूर्ण लगे, पर मैं समझता हूं कि जो कौम विरासत के गौरव पर ध्यान नहीं दे सकती, वह अपना आत्मसम्मान और स्वाभिमान भी नहीं बचा सकती।

यदि आज काशी या मथुरा में दोबारा मंदिर निर्माण होता है, तो इस पर यह कहना सरासर गलत है कि जो काम औरंगजेब ने किया, वही काम अब आप करने जा रहे हैं, ऐसे में आप में और औरंगजेब में क्या अंतर रह गया? अगर यह समझाना पड़े कि औरंगजेब के काम में और अब के काम में बुनियादी अंतर है, तो यह समझदारों की समझदारी पर तरस खाने वाली बात होगी। ऐसा नहीं था कि हिन्दुओं ने मथुरा या काशी में किसी मस्जिद को तोड़कर मंदिर बना लिया हो और तब औरंगजेब ने मंदिर को तोड़कर दोबारा मस्जिद बनायी हो।

सच्चाई यह है कि मुगलों ने भारतीय समाज के गौरवबोध और आत्मसम्मान के भाव को खत्म करने की मंशा से काम किया था। ऐसा भी नहीं है कि वे एकतरफा रूप से गलत ही थे। अपने हिसाब से अपनी नजर में वे ठीक ही कर रहे थे। वे इस्लाम की तत्कालीन व्याख्याओं के हिसाब से जन्नत बनाने और लाने का काम कर रहे थे। अंग्रेजों से पहले अंग्रेजों की तरह वे भी भारत को सभ्यता का पाठ पढ़ा रहे थे। असल में बात यह भी है कि जिन कौमों की अपनी कोई समृद्ध विरासत नहीं होती, वे कौमें दूसरी कौमों की गौरवपूर्ण विरासत का महत्व भी ठीक से नहीं समझ पातीं और अक्सर नफरत के वशीभूत होकर उन्हें नष्ट करने का काम करने लगती हैं।

अयोध्या में आज अगर राम का मंदिर बना है तो यह किसी तरह की नफरत के वशीभूत नहीं है, बल्कि एक कौम की आस्था और संस्कृति के प्रतीक को पुनर्जीवन देने जैसा है। यह कितना जरूरी था, इसका अहसास इरफान हबीब की मार्क्सवादी नास्तिक भावनाओं के सहारे सम्भव नहीं है। यह भी याद रखना चाहिए कि मुसलमानों की एक बड़ी संख्या ने इस विरासत का महत्व समझा है और राम मन्दिर को भरपूर समर्थन दिया है; बल्कि, दर्शनार्थी बनकर वे राम मन्दिर तक गये हैं और जा रहे हैं।

बहस लंबी हो सकती है, पर मैं समझता हूं कि यह देश बहुभाषी और अनेकानेक मतावलम्बियों वाला है। इस्लाम के अनुयायियों के लिए अपना बड़ा दिल दिखाने का वक्त है। अंततः वे भी यहीं की मिट्टी में जन्मे हैं और राम-कृष्ण उनके भी पूर्वज हैं। मान्यताएं भले बदल ली हों, पर पूर्वजों की विरासत और गौरवबोध सांझा हैं। इतिहास पर कितनी भी लीपापोती की जाये, पर मंदिर विरोधियों को भी पता है कि मुगलों ने इस देश के एक-दो नहीं हजारों मंदिरों को तोड़ा।

बुतशिकन का यह मनोभाव अफगानिस्तान जैसे देश में आज भी देखा जा सकता है, जहां आये दिन अब तक बौद्धों-हिन्दुओं के बचे हुए चिह्नों को जमींदोज किया जाता रहा है। थोड़ी देर के लिए कल्पना कीजिए कि यदि इस देश में हिन्दू अल्पसंख्यक होते और मुसलमान बहुसंख्यक और आस्था के ये केन्द्र मुसलमानों के होते, तो क्या होता? क्या वही न होता जो ओवैसी का भाई अपने भाषणों में बोलता रहा है?

संसार के सारे मुस्लिम राष्ट्रों का अतीत और वर्तमान देखिए और सोचिए कि बहुसंख्यक स्थिति में क्या मुसलमान समुदाय अपने आस्था के केन्द्रों के लिए इस तरह से अदालती लड़ाई लड़ने की जहमत उठाता? गंगा-जमुनी तहजीब के हिमायती और मजहब से पहले मुल्क को आगे रखने के सदाशयी कुछ मुसलमान भले ही ऐसा करने की बात करते, पर सबसे पहले वे ही जिबह किये जाते।

## जमशेदपुर की खबरें

# झामुमो की न्याय यात्रा ने मुसाबनी प्रखंड के गांवों का किया भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला समिति के नेतृत्व में प्रखंड कमिटी द्वारा बेनासोल पंचायत, सुरदा पंचायत और मेड़िया पंचायत के विभिन्न गांवों में न्याय यात्रा निकाली गयी। न्याय यात्रा के माध्यम से झामुमो ने केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा इडी के माध्यम से पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत तरीके से जेल भेजने का आरोप लगाया। झामुमो जिला समिति के नेतृत्व में सभी प्रखंडों में न्याय यात्रा के माध्यम से बीजेपी के आदिवासी विरोधी क्रियाकलापों को जन जन तक पहुंचाया गया।सुरदा क्रौसिंग स्थित बाबा तिलका मांझी के मुर्ति पर झामुमो नेता सह 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार झायुमो जिला उपाध्यक्ष विक्टर सोरेन, केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, झामुमो जिला उपाध्यक्ष बाघराय मार्डी, जिला सचिव घनश्याम महतो,जिला नेता नवरत्न दास, सोशल मीडिया प्रभारी गौरांग माहली,प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, सचिव सोमाय सोरेन सहित सैकड़ो नेता और कार्यकर्ता ने माल्यार्पण कर झंडा बैनर के साथ सैकड़ों कार्यकताओं ने जमकर नारे बाजी की। पंचायत के विभिन्न गांवों में न्याय यात्रा के दौरान झामुमो नेताओ ने हेमंत सोरेन जिन्दावाद का नारा लगाते हुए पुरे क्षेत्र का भ्रमण किया। मौके पर सुरदा दिशोम जाहिर गाढ़ में झामुमो नेताओं ने नायके बाबा मुकुरु हेम्ब्रम के साथ पूजा अर्चना कर हेमंत सोरेन को जल्द न्याय मिलने के लिए कामना की।इस अवसर पर झामुमो वरिष्ठ नेता कानू टुडू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रियानाथ बास्के, झामुमो तेरेंगा पंचायत अध्यक्ष सुनील किस्कु, बेनासोल पंचायत अध्यक्ष गणेश टुडू, सुरदा पंचायत अध्यक्ष बासु सोरेन, मेड़िया पंचायत अध्यक्ष मातु मार्डी, कुइलीसुता पंचायत अध्यक्ष विराम मुर्मू समेत काफी संख्या में झामुमो समर्थक और ग्रामीण कार्यकर्ता शामिल रहे।

# धोबी समाज के वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन




जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। केबुल बस्ती सी पी समिति सभागार में धोबी समाज का वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को समाज के अध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अथिति भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा बाबा संत गाडगे और डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों में पुष्प अर्पित व दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर दिनेश कुमार ने कहां सामाजिक एकजुटता के लिए जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण है। किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए समाज के पदाधिकारियों के साथ युवा पीढी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा समाज के एकजुटता के साथ बच्चों की शिक्षा के महत्य और कैरियर काउंसलिंग के लिए सेमिनार का आयोजन भी जरूरी है। समाज में वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग से यूवाओ को अवसर देने की जरूरत है। अपनी पहचान को सुरक्षित रखने के लिए अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाये रखना होगा। वर्तमान युग में शैक्षणिक माहौल को बढ़ावा देना सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। इस अवसर पर समाज के प्रथम और द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। साथ ही खेलकूद का आयोजन कर विजेताओं को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय निर्मलाकार और धन्यवाद ज्ञापन रूपेश कुमार ने किया।

# चांडिल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर करोड़ों के गबन का मामला दर्ज



चांडिल(आजाद सिपाही )। सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह सहायक गोदाम प्रबंधक किरीट भूषण गोप पर 2 करोड़ 53 लाख 37 हजार 941 रुपये गबन का मामला सामने आया है। इस मामले में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने आरोप लगाते हुए चांडिल थाना में मामला दर्ज कराया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को बर्खास्त कर दिया। बीते 15 फरवरी को एफआईआर दर्ज होने के बाद चांडिल पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी सह अवर निरीक्षक अजीत तिर्की ने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला प्रबंधक झारखंड राज्य खाद्य निगम सरायकेला-खरसावां झुनु कुमार मिश्रा के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच की जारही है। हालांकि डीएसओ से संपर्क नहीं हो सका। वही पुलिस के कार्रवाई के बाद विभाग में हड़कंप मच गया।

# झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की रांची में हुई सभा में जमशेदपुर के एक हजार लोग हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में रांची के मोराबादी मैदान में समाज के हक और अधिकार की मांग को लेकर सभा का आयोजन किया गया। रविवार को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज और विभिन्न इकाई से लगभग 1000 की संख्या में महिला और पुरुष रांची के लिए रवाना हुए। मौके पर झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने बताया कि रांची मोरहाबादी मैदान मे विश्वकर्मा समाज की हक और अधिकार को लेकर सभा का आयोजन किया गया। रविवार को जमशेदपुर के 16 अलग अलग क्षेत्र से समाज के हजारों लोग डिमना चौक में एकत्रित होकर रांची के लिए प्रस्थान कर रहे है। उन्होंने बताया राज्य में विश्वकर्मा समाज की अनदेखी हो रही है। जिसके खिलाफ विभिन्न मांगों को लेकर समाज के लोग मोहराबादी मैदान में एकजुट होकर हक और अधिकार के लिए अपनी रणनीति तय करेगी।

# टाटा स्टील-यूआइएसएल ने मतदान जागरूकता के लिए किया कार्यक्रम



जमशेदपुर(आजाद सिपाही )। लौहनगरी जमशेदपुर में टाटा स्टील,यूआइएसएल व टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा मतदान जागरूकता पर केंद्रित जैम@स्ट्रीट का आयोजन किया गया। रविवार को मौसम में अंतिम जैम@स्ट्रीट में शहर के 25 हजार से ज्यादा लोगो ने हिस्सा लिया। मौके पर कदमा गणेश पूजा मैदान गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर तक लोगों की उत्साही भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम का फोकस आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान जागरूकता पर केंद्रित यूथ चलें बूथ थीम पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक,मतदान जागरूकता से सम्बंधित सेल्फी कॉर्नर,सड़क पर रंगोली सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियाँ देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान डीडीसी मनीष कुमार,एसडीओ पीयूष सिन्हा,टाटा स्टील यूआईएसएल के चेयरमैन चाणक्य चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने गुब्बारा उड़ाकर मतदान जागरूकता को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। डीडीसी और एसडीओ ने मतदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए युवाओ को संदेश दिया। वही जैम@स्ट्रीट मे विभिन्न कार्यक्रम के दौरान सड़को पर युवाओ का ऊर्जा देखने को मिला। इस अवसर पर जुम्बा,बास्केटबॉल, गोल्फ पुटिंग,घुड़सवारी,लाइव बैंड प्रदर्शन,शतरंज,स्केटिंग, कॉस्मिक योग सहित अनेकों कार्यक्रम शामिल रहा। विशेष आकर्षणों में स्थानीय मार्शल आर्ट,शतरंज, सेल्फी कॉर्नर, मिश्रित मार्शल आर्ट,साइकिलिंग, अतिरिक्त प्रदर्शन करने वाले कलाकार और खाद्य स्टॉल कार्यक्रम में एक अनूठा स्वाद जोड़ते हैं। जैम@स्ट्रीट एक कार्यक्रम से आगे बढ़कर सामुदायिक भावना, मौज-मस्ती और साझा अनुभवों का सच्चा उत्सव बन गया। टाटा स्टील यूआईएसएल ने जैम@स्ट्रीट को एक यादगार और सफल उत्सव बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रायोजकों और योगदानकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त की।

# विधायक संजीव सरदार ने दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के विधानसभा के बाघमारा कासकम स्टेडियम में आर. ए.बाघमारा क्लब के द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को फुटबॉल प्रतियोगिता में मुख्य अथिति विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। क्लब के सदस्यों ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर व बोल में किक मारकर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही विधायक ने खिलाड़ियो का हौसला अफजाई करते हुए कहा खेल में हार या जीत होना तय है। लेकिन हारने वाले खिलाड़ियों को घबराने की जरूरत नही। इससे सिख लेकर आगे और बेहतर करने का प्रयास करे। मौके पर क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि,झामुमो के वरिष्ट नेतागण सहित क्लब के सभी सदस्य और ग्रामीण शामिल रहे।

# जेवर दुकान में बंदूक की नोक पर लूट करनेवाला लुटेरा गिरफ्तार, दो फरार

**फरार अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे : एसपी**

**मामला रूप अलंकार ज्वेलर्स में बीते दिनों हुई डेढ़ करोड़ रुपये के जेवर की लूट का**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी चौक के समीप मेन रोड स्थित रूप अलंकार ज्वेलर्स में बीते दिनों तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोने चांदी के जेवरात करीब 3 किलो 800 ग्राम 18 कैरेट की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के दौरान लुटेरों द्वारा भागने के दौरान हवाई फायरिंग भी की गयी थी। इसके बाद शहर के लोग दहशत में आ गये थे। मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय ने पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली थी और तत्परता से कार्रवाई करते हुए एएसआईटी का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लुटेरों की पहचान करने के पश्चात बिहार झारखंड और उत्तर प्रदेश के विभिन्न ठिकानों पर लगातार छापेमारी की। इस दौरान एक लुटेरे की गिरफ्तारी हुई। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने सदर थाने में प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि लुटेरे लगातार अपना स्थान बदल रहे थे। इसी क्रम में शहर के नगवां मोहल्ला स्थित मथुरा बांध शिव मंदिर के प्रांगण में एक कमरे में जब छापेमारी की गयी, तब वहां से एक अभियुक्त सोनपुरवा मोहल्ला निवासी प्रदीप डोम को पकड़ा गया। जबकि दो अन्य अभियुक्त जिसमें चैनपुर पलामू निवासी बुकी सोनी और नगवां मुहल्ला निवासी अजीत उर्फ छोटू भागने में सफल रहा। पकड़े गये अभियुक्त के पास से लूट के कुछ गहने और तीन हथियार और गोली तथा कुछ पैसे बरामद किये गये। साथ ही 18 फरवरी को शहर थाने को सूचना मिली की मथुरा बांध से करीब लगभग 800 मीटर की दूरी पर रेलवे लाइन के किनारे अरहर के खेत में एक काला रंग का बैग पड़ा हुआ है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस उक्त स्थल पर पहुंची। जब बैग को बरामद किया तो सोने के आभूषण और हथियार गोली और एक कीपैड मोबाइल भी बरामद हुआ। एसपी ने बताया गिरफ्तार अपराधी कई बार जेल जा चुका है।

**बरामद सामान**

विभिन्न ग्रह रत्न, काफी मात्रा में सोने और हीरो का आभूषण, कृत्रिम सोने जैसा आभूषण, देसी कट्टा, दो पीस 3.15 का कुल तीन जिंदा गोली, दो देशी पिस्तौल 7.65 का 16 जिंदा गोली तथा एक कीपैड मोबाइल बरामद किया गया।

**छापेमारी टीम में शामिल सदस्य**

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा नीरज कुमार, उपाधीक्षक मुख्यालय यशोधरा, पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीवी मंडल, पुलिस निरीक्षक ब्रजकुमार, पुलिस अवर निरीक्षक प्रवीण कुमार, सूर्य प्रकाश दुबे, सुमंत कुमार राय, एरंजन कुमार, रवि कुमार केसरी, अभिमन्यु सिंह, राकेश कुमार, दीपक कुमार, वीरेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे।

# हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर झामुमो निकालेगा न्याय यात्रा



**कार्यक्रम की रूप रेखा तय, कार्यक्रम प्रभारियों की सूची जारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमिटि की बैठक जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान की अध्यक्षता में हुई। झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय कार्यालय के निर्देश पर हेमंत सोरेन की रिहाई को लेकर दिये गये दिशा निर्देश के अनुसार आयोजित होने वाले कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार किया गया। जिसमें गढ़वा जिला के 20 प्रखण्डों की सभी पंचायतों में हेमंत सोरेन के रिहाई हेतू न्याय यात्रा निकालना है। एक दिन में सभी प्रखण्ड के एक-एक पंचायत यानी एक दिन में एक साथ 20 पंचायत में न्याय यात्रा निकलेगा।

जिला के सभी पंचायतों के मंदिर, मस्जिद, चर्च, सरनास्थल या अन्य जितनें भी धार्मिक स्थल है, वहां पूजा-पाठ, प्रार्थना सभा एवं दुआ मांगने का कार्यक्रम लगातार चलेगा। न्याय यात्रा को सफल बनाने हेतू प्रखंड प्रभारियों का गठन किया गया है। जिसमें खरौंधी प्रखंड के लल्लू राम, केतार प्रखंड से कामता प्रसाद, भवनाथपुर से धर्मराज पासवान, वंशीधर नगर से निर्मल पासवान, सगमा से सूर्यदेव मेहता, धुरकी से मुक्तेश्वर पांडेय, रमना से अमर पाण्डेय, डंडई से सुदेश्वर राम, विशुनपुरा से शंभू चंद्रवंशी, कांडी से सत्येन्द्र पांडेय उर्फ पिंकू, बरडीहा से शरीफ अंसारी, मझिऑव से सैय्यद अंसारी, बड़गड़ से संजय सिंह छोटू, भण्डरिया से जेपी मिंज, रमकंडा से जैनुल्ला अंसारी, चिनियां से रेखा चौबे, डंडा से शंभू राम, गढ़वा से राजकिशोर यादव, मेराल से दुखन चौधरी, रंका से नितेश सिंह, नगर परिषद, गढ़वा से कंचन साहू, अनिता दत्त, जितेंद्र सिन्हा, आशीष अग्रवाल, लाल मोहम्मद खान उर्फ नीलू, वंशीधर नगर-कमलेश मेहता, विश्वनाथ पाल, मुन्ना खान, अजय, रमेश , नगर पालिका, मंझिऑव से अभिनाश दूबे उर्फ टूनटून, निलेश पांडेय, हैदर खान के नाम शामिल हैं।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव पहाड़ी गुफा परिसर में दो दिवसीय मेले का होगा आयोजन



**भवनाथपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव पहाड़ी गुफा परिसर में लगने वाले दो दिवसीय मेले के सफल संचालन को लेकर शिव पहफी गुफा परिसर में बबन साह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से महाशिवरात्रि मनाने को लेकर योजना बनायी गयी। बैठक में इस बार भी दो दिवसीय मेले के आयोजन करने तथा शिव रात्रि के दिन अखंड कीर्तन करने का निर्णय लिया गया। गठित कमेटी में अध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष इंद्रजीत गुप्ता, सचिव रामविजाय साह, सह सचिव चंद्रकेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष लालबहादुर साह, सह कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, कमेटी संरक्षक बबन साह, संजय राय भट, ओमप्रकाश आर्या और सुरेश ठाकुर को बनाया गया। वहीं उक्त मौके पर भक्तों को गुफा में प्रवेश सहित अन्य कार्यो के लिए सक्रिय सदस्य के रूप में मोहन साह, राकेश गुप्ता, सोहन साह, सुरेंद्र साह, धर्मदेव साह, आनंद गुप्ता, वेद प्रकाश आर्या, अनिल प्यारे, पापू साह, नंदन महतो, चुनमुन बाबू, विजय कुमार सहित दर्जनों युवा अपनी महती भूमिका निभायेंगे।

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक घायल



**रंका(आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरडिहा के शिक्षक और खरडिहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह झामुमो युवा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव के भाई उमेश यादव का रविवार को सुबह आठ बजे रंकागढ़ फाटक के समिप मोटर साइकिल में पीछे से दूसरे मोटरसाइकिल सवार के द्वारा जोरदार टक्कर मार देने से दाहिना पैर टूट गया है। दुर्घटना के बाद उमेश यादव के परिवार जनों ने भाई पप्पू यादव को रांची के गुलमोहर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है।**

# कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित मझिआंव खुर्द गांव में ब्रह्मस्थान के समीप नवनिर्मित मंदिर में भगवती प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले सतचंडी महायज्ञ को लेकर यज्ञाचार्य श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के निर्देशन में भव्य जलयात्रा निकाली गयी। 2101 कलशों साथ निकाली गयी जल यात्रा यज्ञ स्थल से निकलकर मुख्य सड़क, ब्लॉक रोड, लोहारपूरवा, बाईपास रोड होते हुए पुरानी अस्पताल के पास पहुंची। उसके पश्चात पुनः पूरे शहर भ्रमण करते हुए कोयल नदी के रमणीय तट पर अवस्थित बैलगाड़ी घाट पहुंचा, जहां पर विद्वान पंडित बबलू दुबे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण और आह्वान के पश्चात सभी कलशों में पवित्र जल भरा गया। उसके पश्चात मुख्य यजमान जितेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप कुमार चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, संत कुमार सिंह, विजय साव और उमेश यादव सपत्नीक और सभी श्रद्धालु अपने-अपने कलश को लेकर यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां उन्हें स्थापित किया गया। जल यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालु जय माता दी लिखित रिबन अपने ललाट पर बांधे और हाथों में पवित्र कलशों को लिए श्रीमन नारायण नारायण और जय माता दी का जाप कर रहे थे। जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो गया। इस दौरान एसबीआई बैंक के समीप युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के द्वारा शरबत पानी का तथा न्यू राज घराना वस्त्रालय के संचालक मनोज जयसवाल के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के जलपान के लिए गन्ना रस का व्यवस्था किया गया।

जलयात्रा में भाजपा नेता डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, पलामू जिला के उंटारी रोड प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अरविंद सिंह, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी,समाज सेविका सत्या दुबे, सेवा निवृत्त शिक्षक महेंद्र नाथ दुबे, सांसद प्रतिनिधि शोभा जयसवाल, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, नगर मंडल अध्यक्ष पवन कुमार सहित लगभग 5 हजार की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह, बिपेश कुमार, नीतीश कुमार, जितेंद्र पाठक गुड्डू पाठक और सभी यज्ञ कमेटी के सदस्य और ग्रामीण लगे हुए हैं।

# गढ़वा में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन, 25 मरीजों की जांच की गयी

**नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुडगांव अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ ने की मरीजों की जांच**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** रविवार को जायंट्स ग्रुप एवं नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुडगांव के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन ग्रुप अध्यक्ष श्री कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज और विश्रामपुर के लगभग 25 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। 8 मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। 4 मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिष्ट जांचों की सलाह दी गयी। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अत्यधिक अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बाद भी महीनों वर्षों तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्खों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं। हृदय के रोगों में ऐसा विलंब अत्यधिक घातक सिद्ध हो सकता है, क्योंकि हृदय के विकारों का दुष्परिणाम शरीर के अन्य सभी अंगों पर पड़ता है एवं विलंब के कारण उपचार और भी ज्यादा जटिल हो जाता है। डॉ विकास के साथ-साथ जायंट्स ग्रुप के सभी सदस्यों ने भी रोगियों से अपने रोग और उसके सही उपचार के बारे में जागरूक और तत्पर रहने की अपील की। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह और अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुःल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, पूर्व स्पेशल कमेटी के सदस्य विजय केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी और एम पी केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, मनोज केशरी सन रेडियो, दीपक केशरी सहित लायंस सिटी गढ़वा के अध्यक्ष सुशील केशरी, गोलू आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विशेष योग शिविर का आयोजन 9 मार्च से

**असाध्य रोगों का योग और एक्यूप्रेशर से किया जायेगा इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति गढ़वा के जिला कार्यालय में रविवार को एक आवश्यक बैठक जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला मुख्यालय में आगामी 9 मार्च से पांच दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी ने बताया कि योग शिविर में पूर्व मार्कोस कमांडो परवीन तेवतिया (आयरन मैन) के द्वारा मोटिवेशनल स्पीच और विशेष योगाभ्यास करवाया जायेगा। साथ ही बिहार के प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर चिकित्सक द्वारा असाध्य बीमारियों की चिकित्सा सेवा प्रदान किया जायेगा। बैठक में उपस्थित योग प्रशिक्षक सुशील केसरी ने कहा कि स्वास्थ्य और निरोग रहने के लिए सभी को योग करना जरूरी है। उनके द्वारा पांच दिवसीय निशुल्क योग शिविर का लाभ स्थानीय युवाओं के साथ-साथ असाध्य रोगों से पीड़ित लोगों से शिविर का लाभ उठाने के लिए अपील किया गया। बैठक में सोशल मीडिया जिला प्रभारी विवेकानंद पांडेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप केसरी, संतोष, बलराम, सत्यनारायण आदि शामिल थे।

# 18वां दुर्गा प्रतिमा स्थापना दिवस 21 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रमना।** रमना प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में 21 फरवरी को होने वाले 18वां दुर्गा प्रतिमा स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने को लेकर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थापना दिवस समारोह को मनाने को लेकर विस्तार रूप से चर्चा करते हुवे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसमे मंदिर को फूल व डेकोरेशन से विधिवत रूप से सजाने,पूजा पाठ करते हुवे हवन के बाद महा प्रसाद का वितरण करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि मंदिर के साफ सफाई के साथ पूरे प्रांगण को फूल डेकोरेशन से आकर्षित रूप से सजाया जायेगा। वही मंदिर के प्रांगन में दुर्गा पाठ, हवन के बाद महाप्रसाद वितरण करने का निर्णय लिया गया है। मौके पर सचीव विश्वजीत कुमार, कोषाध्यक्ष रविंशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, राकेश कुमार उर्फ गुडु प्रसाद, श्यामकिशोर प्रसाद, उमेश प्रसाद, पंकज प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सतेंद्र प्रसाद, धनंजय प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार, पप्पू प्रसाद, सुमित कुमार, विजय प्रसाद, पिंटू, मिट्ठू गुप्ता, बिगन गुप्ता सहित पुरोहित रामचंद्र मिश्रा अन्य लोग मौजूद थे।

# एससी कोटा की आरक्षित सीट से ही मंत्री बने हैं सत्यानंद भोक्ता : शंभू राम

**उन्होंने कहा कि महा गठबंधन किसी विशेष धर्म और जात की राजनीति नहीं करता है बल्कि जमात की राजनीति करता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



शंभू राम

**गढ़वा।** झारखंड की महागठबंधन के सरकार में अनुसूचित जाति कोटा के आरक्षित सीट से ही सत्यानंद भोक्ता मंत्री बने हैं। फिर भी कुछ लोगों को इस बात की समझ ही नहीं है कि मंत्री श्री भोक्ता अनुसूचित जाति समाज से आते हैं। बगैर जानकारी के ही लोग अनर्गल बयानबाजी करते फिर रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य शंभू राम ने पूर्व सांसद घूरन राम के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही।

श्री राम ने कहा कि महागठबंधन में ही सभी जाति, वर्ग, समाज और सभी संप्रदाय के लोगों को उचित मान-सम्मान और उन्हें उनका पूरा हक मिलता है। जबकि दूसरी पार्टियां धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करती हैं और सभी जाति, समाज के लोगों को छलने का काम करती हैं। ये लोग झूठी बयानबाजी कर आम लोगों को बरगला रहे हैं। श्री राम ने कहा कि मौका परस्त लोग जनता को बेवकूफ समझने की गलती नहीं करें। जनता पूरी तरह से जागरूक और समझदार है। वक्त आने पर सभी को मुंहतोड़ जवाब देगी। उन्होंने कहा कि महा गठबंधन किसी विशेष धर्म और जात की राजनीति नहीं करता है बल्कि जमात की राजनीति करता है। अपने निजी स्वार्थ की राजनीति करने वाले लोग ही मेढ़क की तरह इस पार्टी से उसे पार्टी में उछल-कूद करते रहते हैं। आज लोकसभा का टिकट के लिए घूरन राम भाजपा में शामिल हुए हैं।

# रंका थाना प्रभारी को दी गयी विदाई



**रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना प्रभारी शंकर कुमार कुशवाहा के जमशेदपुर स्थानांतरण होने के अवसर पर झारखंड जनर्लिस्ट एसोसिएशन इकाई रंका के पत्रकार विकास साव ने बुके और अंगवस्त्र देकर विदाई दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के पत्रकार सह सीआरपी संजय प्रसाद, शिक्षक सह पत्रकार सुनिल सिंह, गीतांश टीवी के प्रमोद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।**

## 11वीं लखटकिया चैंपियंस ट्रॉफी में राज स्पोर्ट्स बुंडू का कब्जा



सोनाहातु (आजाद सिपाही)। 11वीं चैंपियन ट्रॉफी एक दिवसीय फुटबॉल खेल लखटकिया टूर्नामेंट का खिताब राज स्पोर्ट्स बुंडू की टीम ने अपने नाम कर लिया थाना मैदान में रविवार को आठ टीमों के बीच खेला गया। जिसमें राज स्पोर्ट्स बुंडू की टीम ने ब्लैक टाइगर रांची को 1 गोल से पराजित किया।वहीं, टूर्नामेंट में तृतीय डिजिटल सेवा ईचागढ़ ओर चतुर्थ टीम मास्टर इलेवन सिल्ली रही। विजेता टीम को आजसू पार्टी सुप्रीमों सुदेश कुमार महतो ओर पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा के द्वारा नगद 1 लाख 31 हजार रुपये और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, उपविजेता टीम को मनोज मुंडा, सावना महली, विकास सिंह मुंडा, दीनबंधु मुंडा आदि ने 81 हजार रुपये और ट्रॉफी दिये गये। इनके अलावे तृतीय और चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को नगद 31 - 31 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। खेल में विजेता टीम के नीरज कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। मौके पर दिनेश महतो,सुनील सिंह, सुकरा मुंडा, चितरंजन महतो, वीणा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ में किया चंदनपुर से काठगोड़ा सड़क का भूमि पूजन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क अंतर्गत ईचागढ़ प्रखंड के पीडब्लूडी रोड चंदनपुर से काठगोड़ा 3.8 किमी सड़क का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा 3.8 किमी सड़क का निर्माण करीब 3 करोड़ 68 लाख रुपये कि लागत से किया जायेगा। विधायक ने कहा जनता के बहुप्रतिक्षित रोड पीडब्लूडी रोड चंदनपुर से काठगोड़ा तक सड़क का निर्माण काफी पुराना था। जिसे देखते हुए सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सड़क का भूमिपूजन होने से काठगोड़ा व आस पास के जनता ने विधायक सविता महतो का आभार व्यक्त किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नीताई उरांव, अभय यादव, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, मुखिया किशुन किस्कू, सुधीर उरांव, भूषण मुर्मू, रंजीत टुडू, राहुल वर्मा, विभिशन समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## मयूरी महिला समिति ने स्कूल में खेल सामग्री वितरित की



खलारी (आजाद सिपाही)। विद्या सागर प्राथमिक विद्यालय केडीएच में खेल सामग्री का वितरण किया गया। एनके एरिया मयूरी महिला समिति के द्वारा स्कूल में खेल सामग्री बांटी गयी। समिति की अध्यक्ष भावना कुमार सहित समिति के सदस्यों ने खेल सामग्री क्रिकेट सेट, कैरम, फुटबॉल, लूडो आदि दिया है। समिति की अध्यक्ष भावना कुमार ने कहा सीसीएल अर्पिता महिला मंडल के मार्गदर्शन में एनके एरिया मयूरी महिला समिति क्षेत्र के गरीब,जरुरतमंद लोगो को सहयोग करने का कार्य करती है। इस मौके पर मधुमति सिंह, शोभा, उषा सिन्हा, ज्योति, राजेश्वर, राजेश, अंजना सहित महिला समिति के सदस्य मौजूद थे।

## खूंटी उपकारा में जेल लोक अदालत और कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित



खूंटी (आजाद सिपाही)। नालसा नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में रविवार को खूंटी उपकारा में जेल लोक अदालत और कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा ने कहा कि सभी कैदियों का विचारन बड़ी तेजी से हो रहा है। कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों को जल्द से जल्द निपटारा करायें। उन्होंने अनिवार्य बेल के बारे में भी कैदियों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय पर चर्चा की। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि सभी कैदियों को न्यायालय में चल रहे अपने मामलों के बारे में जानकारी रखना उनका हक है, और आपको निःशुल्क न्याय देना हमारा कर्तव्य है, बशर्ते आप हक लेने के लिए आगे बढ़ें। कार्यक्रम में डालसा के पीएलवी, उपकारा खूंटी के कारापाल प्रभारी शहजादा खान आदि उपस्थित थे।

# समाजसेवा और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति में आया हूं : ब्रजेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव पद से सेवानिवृत्ति के बादभाजपा का दामन थामने वाले ब्रजेंद्र हेमरोम ने कहा कि समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए राजनीति में आया हूं। हेमरोम रविवार को तोरपा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार के अवसर खुलें तथा यहां के लोगों का दुःख-दर्द दूर कर सकूं यही मेरा उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि 37 वर्षो तक सरकारी सेवा में रहने के दौरान जो काम नहीं कर सका, उसे पूरा करना है। भाजपा नेता हमेरोम ने कहा कि एक विजन के साथ क्षेत्र में काम करना है। क्षेत्र में एक भी मेडिकल कॉलेज या इंजीनियरिंग कॉलेज नहीं है, जिसके कायाण यहां के विद्यार्थी दूसरे राज्यों में चले जाते हैं। इसके साथ ही यहां का पैसा भी बाहर चला जाता है। कृषि के क्षेत्र में भी काफी संभावनाएं हैं। लोगों के सहयोग से इन सभी कामों को पूरा करने के लिए मैं संकल्पित हूं। भाजपा में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले और अब की भाजपा में काफी फर्क है। भाजपा को आदिवासी विरोधी कहकर कुछ लोग आम लोगों को बरगलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में भाजपा में शामिल हुआ हूं। पार्टी का जो निर्देश होगा, उसके अनुरूप काम करूंगा। कई कर्मचारी और सामाजिक संघों से जुड़े रहे ब्रजेन्द्र हेमरोम ने कहा कि राजनीति में आने पूर्व भी वे कई संस्थाओं से जुड़े रहे हैं. वर्तमान में भारत मुंडा समाज के प्रदेश महासचिव हैं। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया एसटी-एससी फोरम के भी सदस्य हैं. वे अखिल भारतीय कर्मचारी संघ तथा सचिवालय सेवा संघ से भी जुड़े रहे।

### तमाड़ और अड़की प्रखंड के ग्राम प्रधान तमाड़ में जुटेंगे

# अबुआ आवास में गड़बड़ी को लेकर राज्यपाल के नाम बीडीओ को कल ज्ञापन सौंपा जायेगा

**अबुआ आवास सहित अन्य व्यवस्था में सुधार लायें अन्यथा तमाड़ से आंदोलन शुरू होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड के प्रमुख ग्राम प्रधानों की बैठक प्रभानगर तमाड में किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा ने किया और संचालन ग्राम प्रधान लक्ष्मण सिंह मुंडा ने किया। मंगलवार को तमाड़ व अड़की प्रखंड के ग्राम प्रधान तमाड़ में जुटेंगे और आबुआ आवास में हो रही गडबडी की शिकायत करेंगे और राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपेंगे।

बैठक में अबुआ आवास में ग्राम सभा और पंचायत जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और प्रशासनिक पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में मनमौजी पर आक्रोश व्यक्त किया गया। ग्राम प्रधानों ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा एक ओर अबुआ दिसुम अबुआ राज का लगातार नारा दिया जा रहा है। ग्राम सभा को सशक्त करने के साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की बात होती है, वहीं दूसरी ओर सरकार के मुलाजिम पेसा एक्ट और पंचायती राज व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त करने में लगे हैं। क्या झारखंड सरकार के मंत्रियों को इन सब बातों की जानकारी नहीं है ? और यदि है तो तुरंत अबुआ आवास सहित अन्य व्यवस्था में सुधार लायें अन्यथा तमाड़ से आंदोलन शुरू होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंगलवार को औपचारिक भेंट सहित बीडीओ को उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया जायेगा।

ज्ञापन के माध्यम से अबुआ आवास सहित अन्य चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा को प्राथमिकता देने की बात कही जायेगी। बैठक में ग्राम प्रधान मानकी उमाकांत सिंह मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, गंगाधर सिंह मुंडा, नारायण सिंह मुंडा, उदरकांत मुंडा, ठाकुर सिंह मुंडा, दीपाली देवी, संदीप महतो, प्रकाश सिंह मुंडा, लोटन सिंह मुंडा, राधामोहन सिंह मुंडा, शत्रुघ्न सिंह मुंडा जगमोहन सिंह मुंडा के साथ ही विशेष रूप से अड़की पूर्व जिप सदस्य अनुप साहु सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# पशु-पक्षियों का मुर्दा मांस डालकर शरीर रूपी मंदिर को गंदा न करें : संत पंकज महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था के अध्यक्ष पंकज जी महाराज ने कहा प्रभु ने दया कृपा करके यह दुर्लभ मानव तन आप को दिया है। आप लोग यहां जन्म लेकर खाने पीने और मौज मस्ती के लिए नहीं है। पंकज जी महाराज रविवार को गुटजोरा गांव में आयोजित जय गुरुदेव सत्संग समारोह में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभु से किया गया वादा कि अब प्रभु कृपा करहुं एहिं भांती, सब तजि भजन करउं दिन राती। अपने भजन करने का किया गया वादा भूल गये। खाने-पीने, दुनियां बसाने, बाल-बच्चों में सभी लोग भूल गये। महात्माजन समय-समय पर आकर हम जीवों को जगाते हैं कि चेतो छिन-छिन भक्ति कमाओ। इसके पूर्व संत पंकज जी महाराज के सानिध्य में निकली 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध, आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा के गुटजोरा पहंचने पर स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। संत पंकज जी ने कहा कि पूज्य भक्ति स्वर्ग की कामना की नहीं, बल्कि भक्ति करो तो गुरु की करना। पूरा गुरु उसी को कहते हैं जिसने मरने से पहले सुरत शब्द (नाम योग) मार्ग द्वारा अपनी आत्मा को जगाकर परमात्मा का साक्षात्कार कर लिया हो। शाकाहारी रहना बहुत अनिवार्य है। जिस प्रकार हम अपने बनाये मंदिर मस्जिद को शुद्ध साफ रखते हैं, गंदा नहीं करते, उसी प्रकार इस परमात्मा के बनाये मनुष्य रूपी मंदिर या जिस्मानी मस्जिद में पशु पक्षियों का मुर्दा मांस डाल कर इसे गंदा न करें, नहीं तो देवी-देवता, कुदरत नाराज हो जायेंगे और हमारे सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा कर देगी। इस अवसर पर संस्था के महामंत्री बाबूराम यादव, आश्रम प्रबंधक संतराम चौधरी, जयगुरुदेव संगत झारखंड के अध्यक्ष रामचंद्र, बिहार प्रदेशाध्यक्ष मृत्युंजय झा, दिल्ली प्रदेशाध्यक्ष विजय पाल सिंह, रांची अध्यक्ष अविनाश, आयोजक जयराम साहू, सोमा मुंडा, ग्राम पंचायत गुठजोरा के मुखिया सोमा मिंज, जीत पाहन, सहयोगी संगत जौनपुर के अध्यक्ष ऋषिदेव श्रीवास्तव, दल सिंगार, अशोक पाल, मोहन पाल, महेन्द्र बिन्द आदि उपस्थित थे। सत्संग के बाद जनजागरण यात्रा अपने अगले पड़ाव ग्राम लाली कोनार टोली प्रखंड नामकुम के लिए रवाना हो गयी।

# सौभाग्यशाली हैं हम कि प्रभु श्रीराम लला के दर्शन हुए: संतोष जयसवाल








अयोध्या में स्थित दशरथ महल, हनुमानगढ़ी और लता मंगेशकर चौक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** देश के सबसे पुराने शहरों में शुमार मंदिरों की नगरी अयोध्या धाम के भव्य मंदिर में विराजमान भगवान श्रीराम लला के दर्शन के बाद तोरपा के रामभक्तों की टोली लौट आयी। अयोध्या की इस टोली में चार कार सेवक अजीत जयसवाल, संतोष जयसवाल, सतीश शर्मा और रामशीष महतो शामिल थे। जैसे ही भगवान श्रीराम के दर्शन हुए सभी कार सेवकों के अलावा अन्य भक्तों की आंखों छलछला गई। कार सेवक अजीत जयसवाल, सतीश शर्मा और सतोष जयसवाल छह दिसंबर 1992 को हुए बाबरी मस्जिद विध्वंस की पूरी कहानी बताते हुए रो पड़ते हैं और बताते हैं कैसे उन्होंने तार का बाड़ फांदकर मस्जिद को तोड़ा था और ईंट लेकर लौटने के दौरान किस तरह पुलिस ने उनकी पिटाई की थी। आज भगवान राम लला को भव्य मंदिर में विराजमान देखकर भला किये प्रसन्नता नहीं होगी। अयोध्या गये सभी लोगों ने राम भक्तों की सुविधा के लिए राज्य और केंद्र सरकार के साथ ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। सतीश चौधरी और अनिल मिश्रा ने कहा कि इस स्वर्णीम पल को देखने के इंतजार में हमारी कितनी पीढ़ियां गुजर गयी। हम काफी सौभग्यशाली हैं कि अपने गर्भ गृह में भगवान रामलला को विराजमान होते हुए देखने का अवसर मिला।

**राम मंदिर के अलावा दर्जनों दर्शनीय स्थल हैं अयोध्या में :** नव निर्मित श्रीराम मंदिर के अलावा अयाध्या में दर्जनों दर्शनीय स्थल हैं। राम मंदिर के बाद सबसे प्रमुख दर्शनीय स्थल है हनुमानगढ़ी मंदिर। मंदिर पुजारियों ने बताया कि लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम जब अयोध्या लौट आये, तब उनके भक्त हनुमान वहां रहने लगे। इसके कारण इसका नाम हनुमानगढ़ी पड़ा। यहीं से हनुमान जी राम दरबार की रक्षा करते हैं। मुख्य मंदिर में माता अंजनी की गोद में हनुमान जी विराजमान हैं। बताया गया कि दसवीं सदी में हनुमान गढ़ी मंदिर का निर्माण कराया गया था।

**दशरथ महल :** हनुमानगढ़ी से लगभग दो-ढाई सौ मीटर की दूरी पर राजा दशरथ का महल। महल में श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमाएं स्थापित हैं। दशरथ महल में हर समय राम चरितमानस का संगीतमय वाठ होता रहता है।

**कनक भवन :** दशरथ महल से लगभग दौ सौ मीटर की दूरी पर स्थित है एक और दर्शनीय स्थल है कनक महल। पौराणिक कथाओं के अनुसार कनक महल को रानी कैकेयी ने माता सीता को दिया था।

**तुलसी उद्यान :** राम चरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की स्मृति में 1960 में इस उद्यान का निर्माण कराया गया था। इसके पहले इस जगह का नाम विक्टोरिया पार्क था और यहा महारानी विक्टोरिया की मूर्ति लगी थी। अब वहां गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा विराजमान है।

**राम की पौड़ी :** राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के बाद श्रद्धालओं का पसंदीदा जगह है राम की पौड़ी। राम की पौढ़ी सरयू नदी पर घाटों की एक श्रृंखला है। हर समय सरयू नदी के इस घाट पर लोगों की भीड़ लगी रहती है।

**लता मंगेशकर चौक :** मशहूर गायिक लता मंगेशकर की स्मृति में अयोध्या नगरी के राम पथ और धर्म पथ के चौराहे पर लता मंगेशकर चौक का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया है। चौक पर 40 फीट लबी और 12 मीटर ऊंची और 14 टन वजन वाली वीणा स्थापित की गई है। आज के समय में यह पसंदीदा सेल्फी पॉइंट बन गया है। इसके अलावा अयोध्या में बिरला मंदिर धर्मशाला, गुप्तार घाट, बहू बेगम मकबरा, गुलाब बाड़ी सहित कई दर्शनीय स्थल हैं।

## नयी दिल्ली जाकर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को ज्ञापन सौंपा



बुंडू। सांसद खूंटी लोकसभा अर्जुन मुंडा सह केंद्रीय जनजाति सह कृषि मंत्री को आज नयी दिल्ली में जाकर बुंडू प्रखंड के तैमारा चुरगी बारूहातु गाभडेया और हुमटा पंचायत के आन लाईन खतियान में जाति के कालम में सभी लोगों का जाति सवासी दर्ज हो गया है। इसको लेकर ग्रामीण काफी पसोपेस में है। इसके समाधान के लिए ग्रामीणों ने बुंडू एसडीओ और उपायुक्त रांची को ज्ञापन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। आज बुंडू की जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी साडिल नयी दिल्ली में जाकर मंत्री सह सांसद अर्जुन मुंडा को ज्ञापन सौंपा और जल्द समाधान की मांग किया। मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए केंदीय पंचायती राज सेक्रेटरी को फोन कर मामले से अवगत कराया। उन्होंने जल्द समाधान करने की बातें मंत्री से किया है।

## बचरा ठाकुर महतो चौक में डीएस मार्ट का उद्घाटन




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पेट्रोल पंप स्थित ठाकुर महतो चौक मे रविवार को डीएस मार्ट (मॉल) का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध-संघमित्रा जीएम की पत्नी और अपराजिता महिला मंडल की अध्यक्ष विभानाथ मौजुद थी। निदेशक धनुज कुमार ने सभी अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया। जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मॉल आकर ऑफर का लाभ उठाने की अपील की है। इस मौके पर विभानाथ,ममता सत्यानारायण, हसबुन निशा, झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह बचरा उत्तरी मुखिया गुंजन कुमारी सिंह, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, गीता एक्का, पिंकी सिंह, अब्दुल कुदूस, अभय सिंह, रामू गोप, मंटू सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## आचार्य श्रीविद्यासागरजी के समाधि दिवस पर जैन समाज के लोगों ने बंद रखे अपने प्रतिष्ठान



आचार्य श्रीविद्यासागरजी

खूंटी (आजाद सिपाही)। संत शिरोमणि आचार्य श्रीविद्यासागरजी महामुनिराज के समाधि दिवस पर खूंटी के जैन समाज के लोगों ने रविवार को अपने प्रतिष्ठानों को अपराह्न एक से चार बजे तक बंद रखा। इस संबंध में जैन समाज के रोहित जैन ने बताया कि आचार्य श्री विद्यासागर जी पूर्ण जाग्रत अवस्था में उन्होंने आचार्य पद का त्याग करते हुए कुछ दिन पूर्व में ही अन्न-जल का त्याग कर दिया था। आचार्य विद्यासागर जी का जन्म 1946 में कर्नाटक के बेल गांव में हुआ था। उन्होंने जीवन भर चीनी, नमक, हरी सब्जी, फल, अंग्रेजी दवा, तेल, सूखा मेवा, दही सभी प्रकार की भौतिक सुविधाओं का त्याग कर दिया था और करवट में शयन वह भी बिना चादर तकिया के जमीन पर करते थे। 24 घंटे में दो मुट्ठी जल और थोड़ा सा भोजन ग्रहण करते थे। मानव जीवन तो क्या वे मूक प्राणियों पर उतना ही दया की भाव रखते थे। उनके नाम पर हजारों गौशाला चल रही है।

## नये सिटी फार्मा मेडिसिन सेंटर का उद्घाटन



बुंडू (आजाद सिपाही)। रविवार को कॉलेज मोड बुंडू के नंदी कंपलेक्स में नये सिटी फार्मा मेडिसिन सेंटर का उद्घाटन बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बुंडू नगर प्रशासक शुभम पोद्दार थाना प्रभारी डॉ दिलीप पासवान डॉ परमेश्वर लाल डॉ स्वाति लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अधिकारियों ने किया अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण



सोनाहातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड से लगने वाली अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण शनिवार को किया गया। बुंडू एसडीएम संदीप अनुराग टोपनो, एसडीपीओ रतिमान सिंह, बीडीओ खगेश कुमार,थाना प्रभारी सतीश वर्णवाल की टीम ने सोनाहातू से लगने वाली बंगाल की सीमा दुलमी स्वर्णरेखा नदी के डांगडुंग घाट पर जाकर कई बिंदुओं का अध्ययन किये। अपराध को प्रभावित करने वाले तत्वों की जानकारी ली गयी। इसके अलावे बंगाल सीमा जो पुरुलिया जिला के अंतर्गत आता है सभी घाटों का निरीक्षण किया गया।इस दौरान अन्य जिला से लगने वाला सीमा मिलन चौक जो सरायकेला खरसावां जिला के बॉर्डर है उनका भी निरीक्षण किया गया। इस सम्बंध में एसडीएम ने कहा कि अगली लोक सभा चुनाव को लेकर अंतरराज्यीय सीमा का निरीक्षण किया गया है। बॉर्डर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं की जानकारी ली गयी।

## मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव बने इस्लाम



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी को झारखंड प्रदेश मोमिन कॉन्फ्रेंस की प्रदेश कमेटी मे प्रदेश महासचिव बनाया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार को मोमिन कॉन्फ्रेंस प्रदेश कमेटी की घोषणा की गयी, जिसमें आबिद अली को पुनः प्रदेश अध्यक्ष और इस्लाम अंसारी को प्रदेश महासचिव बनाया गया है। इधर प्रदेश महासचिव बनाये जाने पर इस्लाम अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली और पूरे प्रदेश पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामना दिया है। बधाई देने वालो मे अब्दुल कुदूस,कयूम अंसारी, मोहम्मद ताज, आशिक अली, शेख इरफान, रियासत, कुदूस खान, जावेद सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## सांसद जयंत सिन्हा को पुरस्कार मिलने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई




सांसद को सम्मानित करते अतिथि।

पिपरवार (आजाद सिपाही)। हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ सांसद और उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को पांच वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संसद महारत्न पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। सांसद जयंत सिन्हा को 17 फरवरी को नई दिल्ली में इस पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। सांसद जयंत सिन्हा को पुरुस्कार मिलने पर पिपरवार क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद, विधायक प्रतिनिधि विजय लाल, महेश प्रसाद, दिलिप अंबष्ट, सुदामा करमाली, प्रवीण दराद, राजेंद्र, ललन सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## शराब दुकान का शटर तोड़कर आठ लाख की चोरी

बुंडू। रांची टाटा रोड स्थित कॉलेज मोड बुंडू के पास शराब दुकान में बीती रात लाखों की चोरी हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब दुकान से शुक्रवार की रात दुकान का शटर तोड़कर नगद और शराब लगभग आठ लाख का चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया। बुंडू थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## डिजिटल परिवेश में बढ़ गया है शिक्षा का महत्व : शिल्पी तिर्की



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी में रविवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। वहीं, बच्चों द्वारा अलग-अलग गानो पर नृत्य किया गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि आज बदलते व डिजिटल परिवेश में शिक्षा महत्व का काफी बढ़ गया है। क्षेत्र के बच्चों एवं युवाओ को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अलख जगे। विधायक ने बच्चों से कहा सभी अपने-अपने लक्ष्य की ओर ध्यान दें। कार्यक्रम का संचालन उप प्रधानाचार्य अजय उरांव एवं कक्षा 11 के आफरीन हक, शीला उरांव, वंशिका गुप्ता एवं शिवम राजके द्वारा किया गया। मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, सुरजीत शाही कार्यकर्ता गण एवं अन्य मौजूद थे।

## मांडर विधायक ने किया कर्मचारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास का शिलान्यास



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोंस पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल सोस में शनिवार देर रात अज्ञात चोरों ने भंडार कक्ष का ताला तोड़कर एमडीएम के लिए रखा 69 बोरी चावल और पांच गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। चान्हो थाना क्षेत्र में इस तरह की चोरी की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। यह विद्यालय राष्ट्रीय मार्ग 75 समाने है। उधर, सूचना पाकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की घटना स्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। इस विषय पर थाना प्रभारी से बात की। विधायक ने लोगों को बताया कि इस तरह की घटना शर्मनाक है। इसकी जांच सघन रूप से की जायेगी। दूसरी ओर, विधायक ने चान्हो ब्लॉक परिसर में कर्मचारी एवं बीडीओ आवास का शिलान्यास विधिवत नारियल फोड़कर किया।

## जेबीकेएसएस ने कराया अंगद का श्राद्धकर्म



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विगत 8 फरवरी को झारखंडी भाषा-खतियान संघर्ष समिति के 24 वर्षीय छोटा टाइगर के नाम से मशहूर संस्थापक सदस्य, केंद्रीय सचिव सह रांची के चुटिया निवासी अंगद नायक की मौत ईलाज के दौरान अस्पताल में हो गई थी। पुलिस ने रिम्स अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था। जिसके बाद जेबीकेएसएस के सदस्यों ने अंगद के घर पहुंच कर शोकाकुल परिजनों को संतावना दिया। जब उन्हें पता चला कि अंगद घर का अकेला कमाऊ सदस्य था। जो बिहार रेजीमेंट में कॉन्ट्रेक्ट में (लेबर) की हैसियत से सैनिकों को सहायता पहुंचाने का काम करता था। यह जानकर टाईगर जयराम ने घोषणा किया कि संगठन परिवार के साथ खड़ा रहेगा। वहीं, केंद्रीय सदस्य पप्पू महतो, कुणाल एवं सुमित महतो के नेतृत्व में संगठन से जुड़े लोगों ने अपनी-अपनी क्षमता अनुसार सहयोग कर श्राद्धकर्म का जिम्मा लिया था। शनिवार को अंगद का श्राद्धकर्म देर रात तक चला। जिसमें जेबीकेएसएस केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो, दिपक महतो, दमयंती मुंडा, निवेदिता महतो, पुजा महतो, रिजवान क्रांतिकारी, देवेंद्र नाथ महतो, पंचम एक्का, लखींद्र महतो, फलिन्द्र करमाली, मार्शल महतो, रविन्द्र कुमार दीपक, हेमंत महतो, सूरजनारायण महतो आदि हुए।

## वर्तमान पहान निष्कासित, प्रदीप पहान बने मुख्य पाहन

**पिठौरिया (आजाद सिपाही)।** सुत्यांबे गड़ में रविवार को ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा की अध्यक्षता में पहाड़ के नवनिर्मित भवन में ग्राम सभा की गई। जिसमें विगत 11 फरवरी को सुतियाम्बे स्थित मुडहर पहाड़ में धार्मिक स्थान में असामाजिक तत्वों द्वारा किए गए छेड़छाड़ को लेकर चर्चा की गई। मदनपुर, सुतियाम्बे, डहुटोली पिठौरिया के हजारों की संख्या में मुंडा समाज, पहान समाज के लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन पर किया गया। साथ ही कई निर्णया लिया गया। कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें मुख्य रूप से वर्तमान पहान को निष्कासित कर नए पहान का चुनाव किया गया। मुख्य पहान के रूप में प्रदीप पहान का चयन किया गया। उसके साथ 9 सहयोगियों का भी चयन किया गया। समाज के लोगों ने यह बताया की यह मदरा मुंडा का बसाया हुआ गढ़ है जिसे हम कुछ असामाजिक तत्वों के लोगों के गलत मंसूबे को किसी भी तरह से सफल होने नहीं देंगे। कार्यक्रम में सुतियाअंबे ग्राम प्रधान शिव शंकर मुंडा, पिथोरिया ग्राम प्रधान रामलगन मुंडा जी महाराजा मदरा मुंडा युवा विकास समिति के केंद्रीय अध्यक्ष विकास मुंडा, उपाध्यक्ष सूरज मुंडा, मुखिया मुन्नी मुंडा आदि उपस्थित रहे।

## घघारी बाबा धाम समिति का पुनर्गठन, राजकमल गोप बने अध्यक्ष

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को समिति के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें पूर्व कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें सर्व सम्मति से राजकमल गोप को अध्यक्ष चुना गया। इनके साथ ही सचिव संजय महतो व कोषाध्यक्ष सेवक सिंह का चयन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार राम शंकर सिंह और राज कमल गोप उम्मीदवार बने। वहीं, रामशंकर सिंह ने सदस्यो का वोटर लिस्ट जारी कर चुनाव कराने की बात कही। लेकिन आज ही चयन होने की बात होने लगी तो वहां से बिना वोट दिए रामशंकर चले गए। जिसके बाद सदस्यों ने राजकमल गोप को अध्यक्ष चुन लिया। वहीं, रामशंकर सिंह ने चुनाव प्रक्रिया की पूरी तरह गलत बताया। मौके पर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर साहू, देवेंद्र वर्मा, तिलक सिंह, राजधान शेखर सिंह, जोधन सिंह, रूपनाथ सिंह,उमाशंकर पाठक, जगदीश सिंह, वी अजय नाथ सिंह आदि थे।

### होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत का आयोजन

# चार बंदियों को किया गया रिहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता डालसा सचिव राकेश रंजन ने की। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में संसीमित चार बंदियों का आवेदन जेल अदालत में समर्पित किया गया था। जिसके बाद चारों बंदियों को जेल अदालत द्वारा हाजत अवधि का लाभ देते हुए रिहा कर दिया गया। रिहा हुए बंदियों में धीरज मुंडा उर्फ धिरजू मुंडा, झरी मुंडा, तीर्थनाथ महतो एवं प्रेमचंद मुंडा उर्फ परमा मुंडा शामिल हैं। मौके पर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शंभु महतो, डीएन शुक्ला, केंद्रीय कारा कर्मी सहित अधिवक्ता सह जेल विजिटर, न्यायालय कर्मी व बंदीगण उपस्थित थे। इस दौरान जेल अदालत सह जागरूकता शिविर में विभिन्न कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। मालूम हो कि इस कार्यक्रम में एलएडीसी चीफ प्रवीण श्रीवास्तव, एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा एवं विरेन्द्र प्रताप भी उपस्थित हुए। उन्होंने भी अपने विचार रखे।




जेल अदालत में उपस्थित डालसा सचिव राकेश रंजन व अन्य।

# नगड़ी के देवड़ी में दो घरों पर चली गोलियां, हुआ पथराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के देवड़ी स्थित प्रखंड कार्यालय के पीछे स्थित मुहल्ला में शनिवार की रात 10 बजे कुछ असमाजिक तत्वों ने दो घरों को निशाना बनाकर दो राउंड गोलियां चलाने के साथ ही पत्थतबाजी भी की। गोली का छर्रा लगने ने शकिना खातून नामक एक महिला घायल भी हो गई। पत्थरबाजी से जमील अंसारी और इस्लाम अंसारी के घर की गयी, जिससे उनके छत पर लगा एस्बेस्टस कई जगहों से टूट गया। पत्थर घरों में भी गिरे। हालांकि उसमें रहने वाले लोग बाल-बाल बच गये। इस बाबत जमील अंसारी ने बताया कि वे रात में भोजन करके सो रहे थे। तभी अचानक घर के बगल में स्थित खेत की ओर से पत्थर चलने लगे। डर कर के परिवार के सभी सदस्यों के साथ घर में ही दुबके रहे। उनकी पत्नी शकिना खातून जब बाहर देखने के लिए निकली तो उसके सिर में एक गोली का छर्रा लग गाय, जिससे सिर से खून निकलने लगा। जमील अंसारी और इस्लाम अंसारी ने बताया कि अंधेरा होने के कारण वे पत्थर फेंकने वालों की पहचान नहीं कर पाए। हमलावरों की संख्या 10-12 हो सकती है। पत्थरबाजी के बाद उन्होंने गांव के मुखिया बिशु उरांव को इसकी सूचना दी। कुछ देर बाद वे पहुंचे और महिला को मरहम-पट्टी के लिए चिकित्सक के पास ले गए। पत्थरबाजी की घटना से दोनों परिवारों के लोग रात भर डर के साये में रहे। रविवार की सुबह घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो और नगड़ी थाना प्रभारी उनके घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा के लिए वहां रात्रि में पुलिस गश्ती लगातार करने का आश्वासन दिया। वहीं, जमील और इस्लाम अंसारी ने नगड़ी थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया है।



# तनाव कम करने को लेकर नगड़ी थाना में शांति समिति की बैठक

**पुलिस ने की दुकानों खोलने की अपील, दोनों समुदाओं का सद्भावना जुलूस आज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी में शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन के बाद वापस लौट रहे जुलूस पर एक विशेष समादाय द्वारा पत्थरबाजी किए जाने की घटना के बाद से दोनों समुदायों के बीच तनाव उत्पन्न हो गया है। जिसे कम करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर रविवार को नगड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता एडीएम (कानून व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक और संचालन नगड़ी प्रमुख मदूवा कच्छप ने की। बैठक में सर्वसम्मति से क्षेत्र में हर हाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने और दोनों समुदायों के बीच आपसी भाईचारा को बरकरार रखने का निर्णय लिया गया। सभी ने घटना में शामिल दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने का पुलिस प्रशासन से आग्रह किया। वहीं, शांति समिति के सदस्यों ने नगड़ी के प्रमुख चौक-चौहारों व अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की। साथ ही रात में पुलिस बलों की तैनाती बरकरार रखने और क्षेत्र में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सोमवार को सद्भावना मार्च निकालकर लोगों से क्षेत्र में अमन शांति बनाए रखने का आग्रह करने का निर्णय लिया गया। इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा जल्द ही प्रमुख जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया गया। साथ ही दोनों समुदायों के लोगों से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने में मदद करने और सोमवार से सभी दुकानें खोलने की अपील की गयी।

मौके पर सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव, डीएसपी अरविंद कुमार, डीएसपी राजकुमार यादव प्रशिक्षु उपाधिक्षक अरमान उल हक सहित जिला परिषद सदस्य पुनम देवी, उप प्रमुख अफसाना परवीन, पंसस शीला देवी, अनिता देवी, गुलरेज अंसारी,मुखिया जय गोपाल उरांव, सहित शांति समिति के दौलत राम केसरी, केदार महतो, बजरंग महतो, चुड़ामणी महतो, दिलरुबा हुसैन, हासिम अंसारी, शहीद अहमद, दिनेश महतो, हेमंत केसरी, बालकरण महतो, कमलेश केशरी, हेमंत केशरी, मोबिन अंसारी, फिरोज अंसारी अब्दुल गफ्फार, वीरेंद्र महतो, बिशू कच्छप, गिरधारी गोप, सफीक अंसारी, सरफराज अहमद, सवैश भगत, विलियम एक्का आदि ग्रामीण मौजूद थे।



# महाकालेश्वर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर टाटीसिलवे में नवनिर्मित श्री महाकालेश्वर राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम स्थल से मुरली पुल स्वर्णरिखा नदी तक कलश यात्रा निकाली गयी। बनारस से आये मुख्य पुजारी अमित पांडेय जी महाराज द्वारा कलश स्थापना एवं अन्य अनुष्ठान कराया गया। सोमवार को देवी-देवताओं का पूजन आहुति, मूर्तियों का संस्कार, मंगलवार को प्रतिमाओं का 151 कलशों से स्नान, बुधवार को प्रतिमाओं का प्राण प्रतिष्ठा, हवन पूणार्हुति, भव्य भंडारा आयोजित होगा। वहीं प्रतिदिन वृंदावन से आये प्रेम कृष्ण जी महाराज द्वारा प्रवचन सुनाया जायेगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दिलीप यादव, दीपक मोदक, गौतम मोदक, दिलीप मिश्रा, शैलेश मिश्रा, विनोद तिवारी, उमेश महतो, अमरेश, सतेंद्र, छोटू, राकेश, सुमित, योगेंद्र, सुबोध, बिट्ठू, उमेश, मिंटू, विकास, विनोद, संतोष, माया, पिंटू के साथ राम मंदिर समिति सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



### हर घर नल जल योजना में दिख रही लापरवाही-अनियमितताएं

# कहीं सूखी है टंकी, तो कहीं प्यासे नल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक घर-घर नल जल योजना हकीकत से कोसों दूर है। विभाग द्वारा फाइलों में योजना को शत-प्रतिशत पूरा करने का दावा किया गया है, लेकिन जमीन पर इसकी हालत बदहाल है। हर घर नल जल योजना के क्रियान्वयन में कहीं लापरवाही, कहीं तो उदासीनता बरती जा रही है। कहीं जलमीनार में पानी की सूखी टंकी बदहाली की कहानी बयां कर रही, तो कहीं सूखे नल बता रहे हैं कि योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। हद तो तब हो गई जब पाइप लाइन योजना को बिना किसी के घर पहुंचाए ही पूरा करने का दावा कागजों पर कर दिया गया। घर की जगह सड़क किनारे नल कनेक्शन लगा दिया गया। प्रखंड क्षेत्र के 17 पंचायत के गांवों में लाख रुपये की राशि से नल-जल योजना के तहत जिस जलमीनार का निर्माण किया गया वहां से एक घर में भी शुद्ध पानी नहीं पहुंचा। योजना में गड़बड़ी को लेकर वरीय पदाधिकारियों से शिकायत भी की गई। लेकिन ठेकेदारों से तालमेल होने की वजह से जनता की आवाज दब गई। आज भी आमलोग कुएं का पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि सरकार हर गांव में नल से जल उपलब्ध कराने का ढिंढोरा पीट रही है। जिम्मेदारों की साठगांठ से यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। यहां के दर्जनों गांव में अब भी नल-जल योजना बंद पड़ी है। ग्रामीण पेयजल के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सिर्फ आश्वासन दी दिया जा रहा है। सरकार एवं अधिकारी के उपेक्षापूर्ण रवैया के कारण ग्रामीण पीने के पानी के लिए आज भी तरस रहे हैं। गांव-गांव विकास का दावा करने वाली सरकार के दावे धरातल पर आज भी खोखले साबित हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कहीं बिना बोरिंग किए ही जलमीनार बना कर छोड़ दिया गया है। कहीं पाइप लाइन बिछाकर तो कहीं टोंटी लगने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। वहीं इसकी शिकायत विभाग, सरकार आपके द्वार व जनप्रतिनिधियों से कई बार किया गया। लेकिन इनका ध्यान इस पर नहीं है। ग्रामीणों ने जलमीनार को चालू करने की मांग किया है।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### मुंतजमा और मजलिस अमला के सदस्यों का चुनाव



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डांड़कंडरिया गांव में रविवार को जमीअतुल इराकीन कमेटी देही इलाका की बैठक हुई। जिसमें मजलिस मुंतजमा व मजलिस अमला के सदस्यों का चुनाव किया गया। ज्ञात हो कि जमीअतुल इराकीन कमेटी देही इलाका के छोटा नागपुर अंतर्गत लगभग 56 गांव आते हैं। बैठक में सभी गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें मजलिस के लिए 130 सदस्यों को चुना गया। एक तिहाई सदस्यों को अमला के लिए चयनित किया गया। उप सचिव मुरतजा हसन ने जलसे एवं आज के बैठक उद्देश्य से परिचय कराया। बैठक की अध्यक्षता सदर जावेद अख्तर और संचालन सचिव परवेज आलम व धन्यवाद ज्ञापन खजांची जाहिद हसन ने किया। बैठक में हाजी मो मुसालम हाजी, अब्दुल क्यूम, हाजी मसुद्दीन, हाजी खलील अहमद और मो मोजिबुल्ला आदि थे।

### चिलदाग का प्रसिद्ध माघ पूर्णिमा सती मेला 24 को



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** माघ पुर्णिमा पर चिलदाग गांव में प्रति वर्ष लगने वाले प्रसिद्ध सती मेला 24 फरवरी को आयोजित है। इस बार भी भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसका मुख्य आकर्षण बालक फुटबॉल प्रतियोगिता, बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता, टुसू झांकी सहित संध्या में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम है। मेला को सफल बनाने के लिए रविवार को सती मेला समिति सह पूजा समिति चिलदाग की बैठक समिति के अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मेला कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में राजेंद्र मुण्डा, श्रीनाथ मुंडा, बाबूलाल महतो, राजेंद्र चौधरी, रामकुमार नायक, जितेंद्र महतो, सुमित चौधरी, सुलेंद्र चौधरी, जगदीश महतो, बीरू महतो, सरोज महतो, राजेश करमाली, वर्मा नायक, उमेश नायक, विष्णु मुंडा, जितलाल महतो, सहिन्द्र नाथ महतो, बेनीलाल महतो आदि थे।

### आजसू ने किया टाटीसिलवे के नये थानेदार का स्वागत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू कार्यकर्ताओं ने रविवार को टाटीसिलवे थाना के नए थाना प्रभारी मनोज कुमार का स्वागत किया। पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू नायक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को बुके एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। राजू नायक ने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में आजसू का पूरा सहयोग पुलिस को मिलेगा। वहीं नए थानेदार ने कहा कि वे लोगों की अपेक्षा पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। मौके प्संजीव सिंह, प्रकाश लकड़ा, जिला महासचिव मुकेश नायक, रतन सिंह होंडा, संदीप राम, अरविंद मुंडा, मानव राम, अनेश नायक, राहूल राम आदि मौजूद थे।

### अनगड़ा चैलेंजर्स : वॉलीबॉल में साल्हन व कबड्डी में एसएस प्लस टू हाइस्कूल विजेता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लुपूंग मिनी स्टेडियम में चल रहे अनगड़ा चैलेंजर्स खेल प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वॉलीबॉल में कुल चार टीमों ने भाग लिया। पहला मुकाबला चिलदाग राइडर एवं चिलदाग बी के बीच हुआ। जिसमें चिलदाग की टीम विजयी हुई। दूसरा मैच अनगड़ा और साल्हन के बीच खेला गया जिसमें साल्हन की टीम विजयी रही। फाइनल मुकाबला साल्हन और चिलदाग के बीच खेला गया जिसमें साल्हन की टीम बेहतर खेल दिखाते हुए विजेता बनी। वहीं, कबड्डी का मुकाबला एसएस प्लस टू हाईस्कूल चिलदाग और अनगड़ा के बीच हुआ, जिसमें एसएस प्लस टू हाईस्कूल की टीम विजेता बनी। इससे पहले मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहू नें खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। मौके पर संयोजक रामसाय मुण्डा, समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, राजू प्रमाणिक, अजय सिंह भोगता, जलेश महतो, संजय नायक, नारायण महतो, अजय करमाली आदि उपस्थित थे।

### रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के नव नियुक्त सदस्यों को दिलायी शपथ, देशभर से जुटे लोग




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** एनआईबीएम कोचिंग सेंटर में रविवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा के नव नियुक्त सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, झारखंड प्रदेश रोनियर वैश्य सभा के अध्यक्ष सुखदेव प्रसाद गुप्ता,झारखंड प्रदेश की युवा अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, अखिल भारतीय महासभा के सहायक मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता द्वारा रांची जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, महासचिव अशोक गुप्ता , कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, संगठन मंत्री राजेंद्र गुप्ता आदि को संविधान के अनुरुप शपथ दिलाई गई। इस मौके पर युवा अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, रांची जिला महामंत्री संतोष कुमार गुप्ता को ओरमांझी के नव नियुक्त जिला कमेटी का सदस्य बनाया गया। वहीं, शपथ ग्रहण समारोह में एनआईबीएम के निदेशक मनोज कुमार गुप्ता, श्याम प्रसाद गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, शिवपूजन साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सचिव शंभू प्रसाद गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता , सुरेश प्रसाद साहू, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रकाश कुमार गुप्ता, शंकर प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अनूप गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीपांकर प्रसाद गुप्ता, मुख्य संरक्षक भुनेश्वर साहू, राधे श्याम साहू, प्रो वीरेंद्र गुप्ता, आरएन शाह, राजेंद्र साहू, मुरारी लाल गुप्ता, डॉक्टर सुनीता गुप्ता, हेमंत गुप्ता, दुर्गा शंकर साहू, सीताराम साहू, दिनेश प्रसाद, मनोहर साहू, अनिल प्रसाद गुप्ता, खलारी से सतीश साहू, हरि साहू, राजू साहू, सुरेश प्रसाद साहू, शिवलाल मानिक, शशि गुप्ता, बृजभूषण गुप्ता, दिलीप साहू आदि थे।

### ब्रह्मदेव प्रसाद निर्विरोध चुने गये पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच के अध्यक्ष

# झारखंड ही नहीं, पूरे देश में होगा ओबीसी एकता अधिकार मंच का विस्तार: बीडी प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडलीय कार्यक्रम में विगत 11 फरवरी को हुए महासम्मेलन की सफलता को लेकर पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच की समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह का रविवार को आयोजन हुआ। जिसमें गोरखनाथ चौधरी एवं अजय वर्मा ने कहा कि किसी भी मंच को चलाने के लिए अध्यक्ष का होना जरूरी है। इस पर पूर्व पुलिस उपाध्यक्ष श्रवण कुमार ने ब्रह्मदेव उर्फ बीडी प्रसाद का नाम प्रस्तावित किया। जिसे सर्वसम्मति से लोगों ने समर्थन किया और बीडी प्रसाद को अध्यक्ष मान लिया गया। इसके बाद फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया। साथ ही मंच का विस्तार प्रदेश स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। रांची में प्रदेश


पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच की समीक्षा बैठक में उपस्थित बीडी प्रसाद व अन्य

कार्यालय खोलने का भी निर्णय लिया गया। राज्य के चारों प्रमंडल में एकता अधिकार महासम्मेलन करने को लेकर आगे की रणनीति बनी एवं संरक्षक की भी घोषणा करने का दायित्व ब्रह्मदेव प्रसाद को सौंपा गया। इस अवसर पर 11 फरवरी को हुए मंच के सफल संचालन को लेकर सभी सम्मानित मंडल के लोगों को माला व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रदेश कमेटी के विस्तार की भी जिम्मेवारी अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद को सौंपा गया। जल्द ही प्रदेश कमेटी की घोषणा की जाएगी। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हमारे साथ वही लोग खड़े होंगें जो ओबीसी की बात करेंगें। हम ओबीसी परिवार के तीनों जिलों के लोगों को धन्यवाद देते हैं। जल्द ही बहुत बड़ी टीम बनाएंगे जो ग्राम स्तरीय से लेकर प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय टीम भी बनाई जाएगी। वहीं, डॉ इश्तियां राजा ने कहा कि हाउसिंग कॉलोनी में हुई सभा ने यह साबित कर दिया कि हमने लक्ष्मण रेखा खींच दी है। अब इसे और प्रचार प्रसार कर बड़े पैमाने पर बनाने की जरूरत है। सुभाष गुप्ता ने कहा कि हमने समाज को जगा दिया है। हम लोगों ने एकजुट होकर ओबीसी की एकता को जोड़ने का काम किया है। विकास चंद्रवंशी ने कहा कि हर गांव हर घर में प्रत्येक वार्ड में एक ओबीसी नेता को चुनना ही होगा। मुस्तकीम अंसारी ने कहा कि 11 फरवरी का कार्यक्रम के सफल संचालन का श्रेय ब्रह्मदेव जी को जाता है। वरुण बिहारी ने कहा कि हमने कभी सोचा नहीं था कि बीडी प्रसाद जी के सभी सदस्य इस हद तक तन मन धन के साथ गांव-गांव में घूम-घूम कर इतना विशाल जनसभा कर यह साबित कर देंगे कि ओबीसी एकता अभी जिंदा है। अजय वर्मा ने कहा कि हमें संगठित होना होगा। सुशील अग्रवाल, गोरखनाथ चौधरी, सुशील अग्रवाल, अख्तर अंसारी आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। मौके पर संजय कुमार साहू, श्रवण कुमार, राज नारायण पटेल, शिव चौधरी, प्रमोद ठाकुर, रामराज राम, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, ज्वाला गुप्ता, संजय प्रसाद, अशोक प्रसाद, संतोष गुप्ता, विनय प्रसाद, मुस्तकीम अंसारी, सुभाष चंद्र बोस, शैलेश चंद्रवंशी एवं ओबीसी समाज के तीनों जिला के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरूरी : अलखनाथ पांडेय

**संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल का मनाया गया 8वां वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर शाखा का आठवां वार्षिकोत्सव रविवार को मनाया गया। जिसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा व विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के निदेशक नरेंद्र कुमार तिवारी व संचालन प्राचार्य आरके सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्कूल में बच्चों को अनुशासन के साथ संस्कारपूर्ण शिक्षा देना बेहद जरूरी है। ताकि बच्चे आगे जाकर देश के अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के संचालन में आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की। वहीं, ग्रासिम के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि स्कूल बच्चों का दूसरा घर होता है। अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार स्कूल में ही संभव है। यहीं से इनके भविष्य की नींव तैयार होती है। अपार समाहर्ता कुंदन कुमार ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि संत जोसेफ कम शुल्क में बेहतर शिक्षा दे रहा है। वहीं, स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर स्कूल के संस्थापक विजय पांडेय, सामाजिक सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्रोग्रेसिव चिल्ड्रन एकेडमी के निदेशक डॉ अनिल कुमार सिंह, भोला राय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, धनंजय तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### एजुकेशन टू सोसायटी नामक पुस्तक का लोकार्पण



एक सादे समारोह में रविवार को शिक्षाविद एनके तिवारी द्वारा लिखी गई पुस्तक एजुकेशन टू सोसायटी का लोकार्पण अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, ग्रासिम इंडस्ट्रीज इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, लेखक एन के तिवारी, समाजसेवी विजय पांडेय व संजय पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। अपर समाहर्ता ने कहा कि किसी व्यक्ति की सफलता काफी हद तक उनकी शिक्षा के स्तर व स्कूल में सीखी गई बातों को व्यावहारिक रूप से लागू करने की क्षमता पर निर्भर करता है। केवल पाठों की जानकारी ही मायने नहीं रखती,बल्कि बाधाओं पर काबू पाने से लेकर व्यक्तिगत विकास तक की संपूर्ण सीखने की प्रक्रिया भी मायने रखती है। जिसे एनके तिवारी ने इस पुस्तक के मूल में वर्णित किया है। वहीं, ग्रासिम इंडस्ट्रीज के ईकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि पुस्तक का नाम ही बहुत कुछ बयां कर रहा है। भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने कहा कि किसी भी सभ्य राष्ट्र पर पुस्तकों का ही राज होता है। उन्होंने लेखक एनके तिवारी की जमकर प्रशंसा की। पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने भी अपना विचार व्यक्त किया। वहीं लेखक एनके तिवारी ने बताया कि अभी पुस्तक सिर्फ अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है। लेकिन इसका हिंदी संस्करण भी जल्द प्रकाशित होगा। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## सवारी ट्रेनों का परिचालन अविलंब शुरू नहीं हुआ तो होगा चक्का जाम : मनोज



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** सीआइसी रेल खंड पर पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन अविलंब शुरू करने की मांग की गयी है। इस बाबत रेल उपभोक्ता समिति के जिला प्रवक्ता सह समाजसेवी मनोज शर्मा ने पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के महाप्रबंधक को पत्र प्रेषित किया है। जिसमें कहा है कि उक्त रेल खंड के सोननगर व अंकोरहा में नन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण सभी पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन बंद कर दिया गया है। जबकि मालवाहक ट्रेनों का परिचालन निरंतर जारी है। मैट्रिक व इंटर की परीक्षाएं चल रही है। परीक्षार्थियों को पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर जाने में काफी परेशानी हो रही है। पत्र में इस रेलखंड से जुड़े यात्रियों के लिए 03363-64,03341-42, 03311-12,03359-60 को नबीनगर या जपला तक अविलंब चालू करने की मांग की गई है। ऐसा नहीं करने पर 21 फरवरी को जपला स्टेशन पर सुबह 10 बजे से रेल का चक्का जाम करने की धमकी दी गई है। इसकी प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, मुगलसराय, वरीय मंडल रेल समादेष्टा मुगलसराय, स्टेशन प्रबंधक जपला को भी दी गयी है।

## बिजली चोरी के खिलाफ अलग-अलग छापामारी, 27 लोगों पर हुआ मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद/हरिहरगंज/पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान 8 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। उन सभी लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उनपर 95 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस आशय की जानकारी जपला के अवर विद्युत प्रमंडल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर और मनोज कुमार भी शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आगे भी छापामारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत दी है। साथ ही वैध कनेक्शन के बिना बिजली का उपयोग करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कार्य दिवस में जपला विद्युत कार्यालय में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बिल का भुगतान समेत अन्य समस्या का समाधान किया जाएगा। दूसरी ओर, छतरपुर अनुमंडलीय कनीय अभियंता कुलवंत कुमार के नेतृत्व में पीपरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधुबाना में बिजली चोरी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 19 घरों में बिजली चोरी करते पकड़े गए। इनमें मधुबाना ग्राम पंचायत निवासी कमलेश सिंह, रामप्रवेश सिंह, सुनील रजक, धर्मेंद्र कुमार रजक, कृष्ण रजक, रिंकी देवी, बिंदा कुंवर, विनय सिंह, रीता देवी, प्रदीप कुमार सिंह, तारापति देवी, सत्येंद्र सिंह, सुरेश सिंह, संजय कुमार, कपिल देव सिंह सहित 19 लोगों के विरुद्ध विद्युत कनीय अभियंता कुलवंत कुमार ने पीपरा थाने में नामजद प्राथमिक दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि सभी अपने घरेलु परिसर में एलटी लाईन में टोका लगाकर बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी 19 लोंगो पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

## हेमंत सोरेन को केस से बरी होने के लिए पूजा-अर्चना

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो धनबाद महानगर समिति के प्रभारी केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अमितेश सहाय एवं मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा के निर्देश पर धनबाद महानगर समिति के



नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बरी होने को लेकर हरीपुर स्थित हरि मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। हवन भी किया गया। इसमें धनबाद जिला कमेटी के अध्यक्ष लखी सोरेन, केंद्रीय सदस्य सहित नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## केंद्र सरकार ने युवाओं को झांसा दिया : पवन महतो

**भूली (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा की एक बैठक बीसीकेयू यूनियन कार्यालय ए ब्लॉक में हुई। जिसकी अध्यक्षता अरविंद तिवारी ने की। बैठक में मार्क्सवादी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन महतो उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भूली श्रमिक नगरी में समस्याओं का अंबार लगा है। खासकर युवा पीढ़ी नौकरी से वंचित रहने के कारण बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। केंद्र सरकार ने युवाओं को प्रत्येक वर्ष दो करोड़ नौकरी देने का वादा कर किया था। लेकिन किसी को नौकरी नहीं मिली। पैसे के अभाव में सही समय में इलाज नहीं करा पा रहे हैं। तीन बार सांसद रहते हुए पीएन सिंह ने भूली क्षेत्र का विकास नहीं किया। लोगों से एम्स, हवाई अड्डा छीन लिया गया। मासस ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र से जगदीश रवानी को प्रत्याशी बनाया है। आने वाले चुनाव में जगदीश रवानी रिकॉर्ड मत से जीत कर धनबाद लोकसभा क्षेत्र की आवाज बनेंगे। बैठक में 22 युवाओं ने दूसरे दल छोड़कर मायुमो में शामिल हुए। सभी को माला पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाज मार्क्सवादी युवा मोर्चा भूली नगर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष मंटू रवानी, उपाध्यक्ष बबलू रवानी, छोटू महतो, विकी रजक, अख्तर हुसैन, सचिव अजीत ठाकुर, सह सचिव जनता बीपी, संगठन सचिव रामु साव, कोषाध्यक्ष रमेश महतो, कार्यकारिणी सदस्य में राजू महतो, दिनेश रवानी, मुकुंद रवानी, मनमोहन यादव, धर्मेंद्र पासवान, राजेश बाउरी आदि को शामिल किया गया है।

## मानसिक तनाव में युवक ने की आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज शहर के सतगांवा अंसारी बीघा निवासी अनवर हुसैन के 17 वर्षीय पुत्र शाकिर अंसारी ने शनिवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अस्पताल भेज दिया है। वारदात के समय घर में मृतक की मां और बड़ा भाई थे, जबकि पिता



घर पर नहीं थे। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन से शाकिर गुमसुम रहता था। किसी से ज्यादा बात भी नहीं करता था। शनिवार की रात में खाना खाने के बाद कमरा में सोने चला गया। रविवार की सुबह आठ बजे तक दरवाजा नहीं खोला संदेह हुआ। खिड़की से झांककर देखे तो कमरे में दुपट्टा के सहारे फंदे से लटकता मिला। वहीं, पुलिस निरीक्षक सह हरिहरगंज के थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि मृतक की मां एवं भाई से भी पूछताछ की गई है।

## एके सिंह कॉलेज का परीक्षा केंद्र बाहर भेजने से अभिभावक परेशान

**हुसैनाबाद (आजादसिपाही)। एके सिंह कॉलेज का सेंटर इस बार बाहर भेज दिया गया है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा यहां का परीक्षा सेंटर जीसीपीए कॉलेज छतरपुर में कर दिया गया है। इससे पहले अबतक इस कॉलेज के परीक्षा सेंटर शहर के ही किसी कॉलेज या विद्यालय में रहता था। जिससे अभिभावकों व परीक्षार्थियों को सुविधा होती थी। नीपी विश्वविद्यालय की इस सूचना के बाद कॉलेज से जुड़े परीक्षार्थी व अभिभावक परेशान हैं। खासकर छात्राओं की समस्या बढ़ गयी है। परीक्षा 28 फरवरी से 15 मार्च तक होनी है। अभिभावकों का कहना है मेदिनीनगर जिला मुख्यालय की तकरीबन सभी कॉलेजों के परीक्षा सेंटर शहर के ही किसी न किसी कॉलेज में दिया गया है। इसी तरह एके सिंह कॉलेज का सेंटर भी यहां देनी चाहिए।**

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बंद घर में घुसकर लाखों के गहने और बर्तन ले उड़े चोर

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटैया टोला गढ़तर शिक्षक कुलेश्वर राम के बंद घर में अज्ञात चोरों ने लूट पाट की, जिसकी किसी को भनक तक नहीं लगी। चोरों ने सभी घरों का ताला तोड़ा और कीमती सामान ले उड़े। शिक्षक कुलेश्वर राम एक महीने के बाद गत शनिवार को सपरिवार घर पहुंचे तो स्थिति देख दंग रह गए। इस बाबत शिक्षक कुलेश्वर राम ने रविवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया कि लातेहार जिले के बालूमाथ अंतर्गत हेमपुर प्राथमिक विद्यालय में पदस्थापित होने के कारण सपरिवार वहीं रहते हैं। विद्यालय में छुटि होने पर घर आते हैं। शनिवार को घर आये तो 50 ग्राम वजन के सोने का हार, 50 ग्राम सोने का दो बाला, 20 हजार का मांग टिका, 100 ग्राम चांदी का पायल, 20 हजार के कांस, फूल, पीतल का बर्तन और करीब पांच हजार रुपए नगद चोरी कर ली गई है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि पीड़ित शिक्षक ने लिखित शिकायत की है। वहीं चोरी के मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

### महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध शिव पहाड़ी मंदिर में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को पांकी के हाई स्कूल परिसर में बैठक की गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पूजा धूम धाम से मनाया जायेगा। बैठक में पूजा समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रेमचंद सिंह, कोषाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, सचिव अजय सिंह शिक्षक, उपाध्यक्ष निरंजन सिंह, उप सचिव अनिल सिंह बनाए गए। संरक्षक के रूप में चुनमुन पांडे, सुनिल सिंह, अनुज सिंह, कपिल देव सिंह शिक्षक, किशोर गुप्ता को चुना गया। बैठक में सुभाष सिंह, मिठू गुप्ता, देवनारायण सिंह, शंभू सिंह, मधु सिंह, जसवंत सिंह, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारतीय महिला टीम ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार (मेंस और विमेंस) इस चैंपियनशिप में गोल्ज जीता है। मलेशिया में खेली गई इस चैंपियनशिप के फाइनल में थाइलैंड को 302 से हरा दिया है।

### महिला टीम ने पहली बार खिताब जीता : पुरुष टीम ने भी दिखाया कमाल

# बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड, फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराया

**मलेशिया (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप का खिताब जीत कर इतिहास रच दिया। भारत ने पहली बार (मेंस और विमेंस) इस चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। मलेशिया में खेली गई चैंपियनशिप के फाइनल में इंडियन विमेंस टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराया। 2016 से खेली जा रही चैंपियनशिप का यह 5वां एडिशन था। इंडियन




विमेंस टीम चैंपियनशिप में पहली बार कोई मेडल जीती है। वहीं मेंस टीम इससे पहले 2016 और 2020 में ब्रॉन्ज जीत चुकी है।

### सेमीफाइनल में जापान को 3-2 से हराया था

चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को भारत ने दो बार की चैंपियन जापान को 3-2 से हराया था। प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड ने इंडोनेशिया को 3-1 से मात दी।

### हांगकांग को क्वार्टर फाइनल में 3-0 से हराया

भारतीय विमेंस टीम ने क्वार्टर फाइनल में गत शुक्रवार को उम्मदा प्रदर्शन करते हुए हांगकांग को 3-0 से हराया था। इसके साथ ही पहली बार टॉप-4 में प्रवेश किया। इसी के साथ महिला टीम ने पहली बार टूर्नामेंट में मेडल पक्का कर लिया। अब भारत का मुकाबला जापान से होगा। टॉप सीड चीन को हराकर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधु, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की डबल्स जोड़ी की जीत के दम पर हॉन्गकॉन्ग को हराया।

## यज्ञ कमेटी गठित, महेंद्र चौबे अध्यक्ष व शशिनाथ बने सचिव

**प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 अप्रैल को निकलेगी शोभा यात्रा,15 को होगा प्राण प्रतिष्ठा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** प्रखंड के केतात गांव में नवनिर्मित राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर रविवार को दुर्गा मंडप में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रामाकांत चौबे ने किया। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुई। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ के सफल आयोजन और संचालन हेतु एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से महेंद्र कुमार चौबे को अध्यक्ष व नेत्र विशेषज्ञ डॉ प्रकाश परिमल को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सेवानिवृत डीएसओ सह मंदिर निर्माण के प्रणेता शशिनाथ चौबे को सचिव और रमेश कुमार चौबे को सहसचिव की जिम्मेवारी सौंपी



गई। जबकि प्रवीर चौबे को कोषाध्यक्ष तथा दिलीप चौबे, अभिषेक चौबे व राजेश चौबे सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मंदिर में मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 10 अप्रैल को जलयात्रा निकाला जायेगा। जबकि 11 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान यज्ञ का शुभारंभ होगा। वही 15 अप्रैल को नगर भ्रमण के बाद मंदिर के गर्भ गृह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामदरबार की मूर्ति स्थापित की जायेगी। बैठक में शांतनु चौबे, सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, रविशंकर चौबे उर्फ सेठ चौबे, राजेश चौबे, मार्कण्डेय चौबे, विनय कुमार चौबे, आनंद चौबे, संजय चौबे, मनीष चौबे, प्रो केके चौबे, अनूप चौबे, तेजबली चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया सड़क मरम्मत कार्य का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**टुंडी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत में सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास रविवार को टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया। इस दौरान कुल छह योजनाओं का शिलान्यास हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना अंतर्गत लटानी से रंजीतपुर गांव तक पथ विशेष मरम्मती और मोहनपुर गांव से सिगरायडीह गांव तक मरम्मत कार्य शामिल है। इस मौके पर आजसू जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो, आजसू केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, भास्कर ओझा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश रजक, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष ऐनुल हक, झामुमो नेता ऐनुल हक और जीतन दास आदि उपस्थित थे।

## कपड़ा टांगते समय करंट लगने से महिला की मौत

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के स्वांग पुराना माइनस में शनिवार को टंगना में कपड़ा टांगने समय करंट लगने से पूनम देवी नामक 40 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई थी। आसपास के लोगों की मदद से उसे अविलंब इलाज के लिए गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पाकर गोमिया पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पूनम देवी का मायका स्वांग पुराना माइनस में है। वह दो सप्ताह पूर्व अपने ससुराल सिजुआ (धनबाद) से यहां आई थी। मायके में बूढ़ी मां और एक भाई है। वहीं ससुराल में मृतक के पति, एक पुत्री व दो पुत्र है। परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। उधर, अस्पताल पहुंच कर स्वांग उतरी के मुखिया बिनोद विश्वकर्मा एवं पंसस धनेश्वरी देवी ने परिजनों को ढांढस बंधाया।

## भागवत कथा को लेकर निकली तुलसी कलश यात्रा में उमड़े श्रद्धालु, शामिल हुई रागिनी सिंह



**झरिया (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह मोहन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित आठ दिवसीय भागवत कथा को लेकर रविवार को तुलसी कलश यात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने किया। कथा वाचक सुरेश हरिदास महाराज ने रागिनी सिंह को माता रानी की चुनरी व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कलश यात्रा मोहन बाजार मंदिर प्रांगण से निकल कर परघाबाद मोड़, परघाबाद बस्ती होते हुए एनबीसीसी कॉलोनी छठ तालाब पहुंचा, जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भर नुनुडीह मोड़ होते पुनः कथा वाचक स्थल पहुंचे। बतातें चलें कि यहां 25 फरवरी तक भागवत ज्ञान की गंगा बहेगी। भागवत कथा पूणार्हुति होने के बाद तुलसी कलश को वितरण किया जाएगा जो श्रद्धालु अपने अपने घरों में रखेंगे।

## बीआइटी सिंदरी में शैक्षणिक भ्रमण से वापस लौटे छत्तीसगढ़ के 30 विद्यार्थी



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर रामानुजगंज में 11वीं कक्षा के अध्ययनरत विशेष पिछड़ी जाति के 30 विद्यार्थियों का दल रविवार को अपने गृहनगर के लिए प्रस्थान कर गया। समापन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में संतोष एवं हर्ष दिखा। नोडल अधिकारी विनोद कुमार पटेल ने इस कार्यक्रम एवं बीआईटी सिंदरी की व्यवस्था की सराहना की गई। साथ ही करिश्मा, सुशील कुमार और महिमा लकड़ा आदि विद्यार्थियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। बीआईटी सिंदरी के निदेशक प्रो पंकज राय के मार्गदर्शन में उनके द्वारा गठित दल के सदस्यों डॉ निर्मला सोरेन, डॉ संग्राम हेमब्रॉम, डॉ प्रशांत कु सिंह, प्रो राजेश नारायण देव आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सकारात्मक सहभागिता दिखाई। अंत में डॉ निर्मला सोरेन, सह प्राध्यापक ने इस प्रकार के कार्यक्रम की महता एवं आवश्यकता पर बल दिया।

## बिरयानी हाउस का उद्घाटन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मेमको मोड़ के पास रविवार को द हिंदू बिरियानी हाउस का उद्घाटन हुआ। दुकान संचालक रमेश सिंह ने बताया कि यहां आस-पास कोई बिरियानी हाउस नहीं है। इस बिरयानी हाउस के खुलने से लोगों को ताजा और लजीज बिरियानी खाने को मिलेगी। साथ ही कुछ अन्य चीज भी इसमें शामिल की गई है। ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए जरूरत के हिसाब से इसे बढ़ाया घटाया भी जाएगा। मौके पर अवधेश राय, सीख राय, शशि पासवान, डॉ नरेश कुमार, रामवृक्ष प्रसाद, रामेश्वर राय, संग रूपा आदि मौजूद थे।

### सांसद और विधायक ने किया पीसीसी पथ व आंगनबाड़ी का शिलान्यास

# शहरी क्षेत्र की सड़कों से जुड़ रही गांव की सड़कें: सांसद

### पूरे गोमिया विस क्षेत्र में बिछाया जा रहा सड़कों का जाल : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** थाना चौक में रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। इसके अलावा गोमिया पंचायत के मोदी टोला में डीएमएफटी मद से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि गांवों को शहरी क्षेत्र के सड़कों से जोड़ा जा रहा है, जिससे गांव से शहर की ओर आवागमन सुगम हो सके। इसी तरह लोगों को अन्य बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं, विधायक ने कहा कि पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। कोई भी ऐसा गांव नहीं होगा, जहां पक्की सड़क की पहुंच न हो। गांव में सड़क बन जाने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। वे शहरों में अपने उपजाऊ सामान बेच सकेंगे। इसी प्रकार लोगों को पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि भी प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, प्रमुख प्रमिला चौड़े, मुखिया बलराम रजक, मुखिया सपना कुमारी, पूर्व प्रमुख गुलाबचंद हांसदा, पंसस जनक देव यादव, उप मुखिया अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार एवं संदीप स्वर्णकार, आजसू महिला मोर्चा की प्रखंड अध्यक्ष मालती देवी, सचिव मिनहाज अंसारी, राजकुमार यादव, दुलाल प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, राजरंजन प्रसाद, प्रदीप रवानी, आदित्य पांडेय, विजय महतो और रोहित यादव आदि उपस्थित थे।




पीसीसी पथ व आंगनबाड़ी निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद व विधायक।

# वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** आइइएल थाना के पास शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान सूरज रविदास उर्फ टिंकु (20) के रूप में हुई है। वह गोमिया प्रखंड के होसिर गोरिया टोला का रहने वाला था। रात में कुछ ही देर बाद आइइएल थाना की पेट्रोलिंग गाड़ी जब वापस लौट रही थी तो पेट्रोलिंग में शामिल पुलिस के जवानों ने सड़क पर पड़े बाइक व घायल युवक को देखा। पेट्रोलिंग पार्टी घायल युवक को गोमिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को जब घटना की सूचना मिली तो वो गोमियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। डॉक्टरों द्वारा युवक को मृत घोषित होने के बाद आइइएल पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया मृतक अविवाहित था। घटना की सूचना पाकर बीडीओ महादेव कुमार महतो अस्पताल पहुंचे और परिजनों से मिलें। ढांढस बंधाया एवं सरकारी प्रावधान के तहत लाभ दिलाने की बात कही। लगे हाथ पुलिस नरकी मोड़ से गोमिया तक दुकानों में लगे सभी सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, हादसे के लिए जिम्मेवार वाहन की पहचान की जा सके। दूसरी ओर, मृतक सूरज के पिता गणेश रविदास ने बताया कि वह अपने गांव के मित्रों के साथ बसंत पंचमी का मेला देखने पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के गोनियाटो गांव गया था। रात को लौटने के क्रम में आईईएल थाना के निकट अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दी। गणेश रविदास ने बताया कि सूरज मुंबई में काम करता था। कुछ दिन पहले ही घर आया था। सूरज जिन दोस्तों के साथ मेला देखने गया था, वो भी मुंबई में सूरज के साथ काम करते हैं। मौके पर होसिर पश्चिमी के मुखिया पति सह समाजसेवी महावीर रविदास एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## साढ़ू के घर फांसी लगाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्हाबार पंचायत के दुधमटिया में पत्नी व बच्चे को लेने पहुंचे एक युवक द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान साहेब राम मांझी (32) के रूप में हुई है। वह पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बिशनपुर का रहने वाला था। मृतक के परिजनों ने पुलिस से मामले की निष्पक्षता से जांच करने की मांग की है। वहीं मृतक की पत्नी मालती किस्कू पति के आत्महत्या करने का दावा कर रही है। वहीं, पुलिस ने रविवार को शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। उधर, मुखिया नूरउद्दीन अंसारी ने बताया कि उक्त घटना के बारे में मृतक के साढ़ू राजेश मरांडी ने फोन पर शनिवार की शाम चार सूचित किया कि उसके घर में साबेह राम मांझी ने आत्महत्या कर ली। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी के मुताबिक मृतक की पत्नी अपने बच्चों को लेकर दुधमटिया आई थी, जिसे वापस ले जाने के लिए साबेह साढ़ू के घर पहुंचा था। पर शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में झगड़ा हो गया। इसके बाद शनिवार की सुबह जब घर के लोग सो कर उठे तो साहेबराम फंदे से लटका मिला। हालांकि उसका पैर जमीन से सटा था जिससे संदेह उत्पन्न हो रही है।



## पूर्व मंत्री लालचंद महतो गिरिडीह से लड़ेंगे चुनाव

**तीसरा मोर्चा की कवायद, साथ आयी 15 क्षेत्रीय पार्टियां, बने संयोजक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** डुमरी विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री लालचंद महतो अब 15 क्षेत्रीय पार्टियों के समर्थन से गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। जैनामोड़ स्थित पार्टी नेता मस्तान मिश्रा के आवासीय परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने इसकी घोषणा की। कहा कि पूरे झारखंड से 15 क्षेत्रीय पार्टियां एक साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पार्टियों में बहुजन सदान पार्टी, भारत मुक्ति पार्टी, झारखंड विकास पार्टी, ओवीसी पार्टी, राष्ट्रीय जय हिन्द पार्टी, लोकहित अधिकार पार्टी, पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा, भारतीय आजाद सेना, झारखंड नव निर्माण दल, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, राष्ट्रीय हिन्द पार्टी, झारखंड जनक्रांति मोर्चा, हिन्दुस्तान विकास पार्टी आदि शामिल हैं। पूर्व मंत्री अपनी ही पार्टी बहुजन समाज पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि ये सभी पार्टियां झारखंड की सर्वांगीण विकास के लिए काम कर तीसरी मोर्चा की सरकार बनाएगी।



### वायू प्रदूषण व सड़कों की सफाई को लेकर जारी आंदोलन में शामिल हुई रागिनी सिंह

# स्व सूर्यदेव सिंह के नाम पर राजनीति चमकाने व घड़ियालू आंसू बहाना छोड़ें लोग: रागिनी सिंह

**हुंकार : वायू प्रदूषण व सड़कों की सफाई के लिए जीएम को सड़क पर बैठा सकती हूं तो सीएमडी क्या है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** वायू प्रदूषण के खिलाफ झरिया मेन रोड स्थित देशबंधु सिनेमा के समीप सत्याग्रह आंदोलन के दूसरे दिन रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी समर्थन में पहुंची। मंच पर मौजूद स्वयंसेवी संगठनों एवं बुद्धिजीवियों ने रागिनी सिंह का स्वागत किया। इस अवसर पर रागिनी सिंह ने बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग कंपनियों और सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं को आड़े हाथ लिया। कहा कि हर कोई कोयलांचल के मजदूरों के मसीहा स्वर्गीय सूर्यदेव सिंह नहीं बन सकता। यहां कई नेता उनके नाम से राजनीति चमका कर झरिया की भोली भाली जनता को बरगलाने में जुटे हैं। उनके समक्ष घड़ियाली आंसू बहा कर उनका हितैसी बता रहे है। सत्ता परिवर्तन के बाद झरिया की जनता की पानी-बिजली सहित अन्य समस्याओं का अब तक निदान नहीं हुआ है। जनता वैसे ही परेशान है। जनता का भला तो हुआ नहीं, सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। जनता सड़कों पर उतर कर बिजली, पानी और सड़क के लिए प्रदर्शन कर रही है। नौबत यहां तक पहुंच गई है कि शुद्ध हवा के लिए भी आंदोलन करना पड़ रहा हैं। बीसीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनियों को याद रखना चाहिए कि जब प्रदूषण व सड़कों की सफाई के लिए में जीएम को सड़क पर बैठा सकती हूं तो सीएमडी क्या है। झरिया की जनता की अगर मांग होगी तो हम कोयला भवन में धरना प्रदर्शन करेंगे। चक्का जाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगें।




आंदोलन मंच को संबोधित करती रागिनी सिंह।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जश्रसं के मिलन समारोह में सैकड़ों युवकों ने थामा भाजपा का दामन



**चासनाला/झरिया (आजाद सिपाही)।** चासनाला के बड़ा मैदान में रविवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) सह भाजपा का मिलन समारोह आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। उनका ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। इस दौरान चासनाला में युवा नेता राकेश कुमार, राजा कुमार, विक्रम पासवान और अजीम अंसारी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रागिनी सिंह में आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा-जश्रसं का दामन थाम लिया। वहीं, रागिनी सिंह ने सभी युवाओं का माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया। मंच का संचालन साजन सिंह ने किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा के दिशा निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के आदेशानुसार रविवाार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि जेल अदालत में रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह की उपस्थिति में मंडल कारा अधीक्षक द्वारा चिन्हित पांच बंदियों को पीठासीन रेलवे के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष हाजिर कराया गया। जिसमें दो बंदी मोहम्मद समीर और अजय कुमार रविदास को रिहा किया गया। साथ ही न्यायिक दंडाधिकारी द्वारा बंदियों के बीच विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से कर्तव्य परियोजना पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि कारागार में बंदियों एवं उनके परिवारों के अधिकारों का संरक्षण हो सके इसके लिए झालसा द्वारा कर्तव्य परियोजना चलाई जा रही है। इसके तहत बंदियों के परिवारों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनके पात्रता के अनुसार दिलाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपनी अहम भूमिका अदा कर रही है। जेल अदालत को सफल बनाने में डालसा सहायक अरुण कुमार, लिगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के सहायक नीरज गोयल, सुमन पाठक आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मनायी गयी गुरु गोविंद सिंह की जयंती



**सिंदरी/बलियापुर (आजाद सिपाही)।** चासनाला रिवर साइड में रविवार को गुरु गोविंद सिंह की 357वीं जयंती मनाई गई। इस असर पर लंगर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर गुरचरण सिंह, हरिंदर सिंह, हरभजन कौर, तनवीर सिंह, त्रिलोक सिंह, सोनू सिंह, सरबगीत सिंह, बलजिंदर सिंह, जसबीर सिंह, मंगा सिंह, तजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## धनबाद लायंस क्लब कोल कैपिटल ने आयोजित किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब कोल कैपिटल की ओर से लायंस आरएन खरकिया नेत्र चिकित्सालय चिरकुंडा के सहयोग से कुसुम विहार में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषकर मोतियाबिंद के मरीजों की डॉक्टर सूर्यकांत एवं उनकी टीम ने जांच की। जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया उन सभी का ऑपरेशन निःशुल्क चिरकुंडा स्थित अस्पताल में किया जाएगा एवं जिन नेत्र मरीजों में मोतियाबिंद नहीं पाया गया उनको उनके नेत्र रोग से संबंधित दवा निःशुल्क दी गई। शिविर में अध्यक्ष लायन मुकेश बर्मन, लायन प्रज्वल भट्टाचार्य, लायन संजय कुमार, लायन मृग प्रमाणिक, लायन नवीन सिन्हा, लायन संजय कुमार, लायन संतोष यादव, लायन सत्यवान रवानी, लायन संदीप कौशल, लायन परेश ठक्कर, आनंद सिंह एवं अन्य का सहयोग उल्लेखनीय रहा। मौके पर अशोक शर्मा, कृपा शंकर सिंह, नरेश चौधरी रामविलास शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

## बोकारो जनरल अस्पताल ने आयोजित किया पहला वार्षिक डीएनबी सम्मेलन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जनरल हॉस्पिटल ने रविवार को अपना पहला वार्षिक डीएनबी सम्मेलन डॉक्टरों के लिए विशेष तौर पर आयोजित किया, जो अस्पताल में विभिन्न स्नातकोत्तर विशिष्टताओं के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी अतानु भौमिक ने ऑनलाइन संदेश के माध्यम से सम्मेलन को संबोधित किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने किया। सम्मेलन का आयोजन मानव संसाधन विकास केंद्र में किया गया। बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय के नेतृत्व में बोकारो जनरल अस्पताल के इतिहास में पहली बार डीएनबी प्रशिक्षुओं के लिए इस प्रकार का सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में देश भर में चिकित्सा और उपचार के क्षेत्र में व्यापक अनुभव वाले विभिन्न विषयों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के अतिथि व्याख्यान शामिल थे। इस दौरान बीजीएच के डीएनबी डॉक्टरों द्वारा अलग-अलग विशेषज्ञताओं से संबंधित 11 वैज्ञानिक शोध पत्र भी पेश किए गए। सम्मेलन से बीजीएच के डीएनबी प्रशिक्षुओं को उपचार के नवीनतम तरीकों व चिकित्सा से जुड़े कौशल को समृद्ध करने में काफी मदद मिली।

# एनटीपीसी बोंगाईगांव का आनंद मेला

- बर्डवी शिकला लेडीज क्लब ने सहयोग किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव ने बर्डवी शिकला लेडीज क्लब के सहयोग से 17 और 18 फरवरी को एनटीपीसी इल्युमिनेटिंग लाइव्स विषय के तहत दो दिवसीय जीवंत आनंद मेला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। मेला का उद्घाटन प्रदीप कुमार द्विवेदी आइएएस जिला आयुक्त कोकराझार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह आइपीएस पुलिस अधीक्षक कोकराझार, करुणाकर दास व्यापार इकाई प्रमुख, केसी मुरलीधरन सीजीएम एनटीपीसी बोंगाईगांव, वाणी रेड्डी और झुमिता बिस्वास, वरिष्ठ सदस्य, बर्डवी शिकला लेडीज क्लब उपस्थित थे। सम्मानित अतिथियों द्वारा आयोजित उद्घाटन समारोह ने संस्कृति, समुदाय और रचनात्मकता के उत्सव की शुरुआत की। 25 से अधिक स्टालों में विभिन्न खाद्य पदार्थों के माध्यम से भारत के समृद्ध स्वादों का प्रदर्शन किया गया, जिसे महिला क्लब के सदस्यों द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किया गया, जिसने पूरी सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त, जातीय हस्तशिल्प, हथकरघा, जैविक खाद्य पदार्थों और नूतन बेंत और बांस के फर्नीचर वाले स्टालों को विविध प्रकार की पेशकशों में जोड़ा गया। चिकित्सा, आइटी और सुरक्षा विभागों के साथ-साथ बोंगाईगांव और असम की ऑटोमोबाइल कंपनियों की भागीदारी ने मेले की पेशकश को समृद्ध किया, जो क्षेत्र की उद्यमशीलता की भावना और नवाचार को दर्शाता है।


इस अवसर पर बोलते हुए श्री द्विवेदी ने बताया कि कैसे एनटीपीसी बोंगाईगांव क्षेत्र और देश को ऊर्जा प्रदान कर रहा है और देश को 24X7 रोशन करने के लिए पेशेवरों की टीम को बधाई दी। उन्होंने मेले की व्यवस्था और सभी विक्रेताओं और परिवार के सदस्यों को एक छत के नीचे लाने के पावर स्टेशन के प्रयास पर संतोष व्यक्त किया। इससे पहले स्टेशन के बिजनेस यूनिट प्रमुख करुणाकर दास ने समारोह में अपना आशीर्वाद देने के लिए श्री द्विवेदी और क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक सुदीप नाग की अध्यक्षता वाले इआर-॥ के वरिष्ठ प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) प्रयासों के हिस्से के रूप में, एनटीपीसी बोंगाईगांव ने इस अवसर पर 40 जीइएम लड़कियों को सौर लालटेन वितरित किए। जीइएम (बालिका सशक्तिकरण मिशन) पहल का उद्देश्य यंग लड़कियों को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। एनटीपीसी बोंगाईगांव ने स्थायी ऊर्जा समाधानों के महत्व को पहचाना और 2023 की जीइएम लड़कियों को सौर लालटेन वितरित किए, जिससे वे अध्ययन कर सकें और अपने सपनों को पूरा कर सकें। श्री द्विवेदी और श्री दास ने समुदाय में लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए एनटीपीसी बोंगाईगांव की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए जीइएम लड़कियों को सौर लालटेन प्रदान की।

# पुरी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए निविदा आमंत्रित

- 3 साल के अंदर पीपीपी मोड में काम पूरा करने का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी में अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। बहुप्रतीक्षित हवाई अड्डे के लिए निविदा इडको द्वारा जारी की गयी है। अधिसूचना के अनुसार निविदा अगले महीने की 21 तारीख से शुरू होगी, जबकि निविदा 21 अप्रैल को खोली जायेगी।

जानकारी के लिए बता दें कि यह एयरपोर्ट पुरी गिरल चौक के पास सिपसरुबाली मौजा में 1 हजार 164 एकड़ क्षेत्र में बनने जा रहा है। सरकार का लक्ष्य अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर देने के साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों के ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों का निर्माण करना है। हालांकि टेंडर मिलने के बाद 3 साल के अंदर पीपीपी मोड में काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

गौरतलब है कि इस बहुप्रतीक्षित हवाई अड्डे के निर्माण की प्रक्रिया 2021 में शुरू हुई थी। इस एयरपोर्ट का निर्माण ओडिशा के लोगों के लिए खुशी की बात है। इससे दुनिया भर के भक्तों के लिए पुरी आना आसान हो जायेगा। इतना ही नहीं, शहर का आर्थिक विकास भी बढ़ेगा।

# कमलनाथ ने कहा है मैं कांग्रेस में हूं: पटवारी

## भाजपा में जाने की अटकलों से इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ के बीजेपी में जाने की अटकलों को एमपी कांग्रेस प्रमुख ने खारिज किया है। राज्य में कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने दावा किया है कि कमलनाथ से उनकी फोन पर बात हुई है, जिसमें उन्होंने (कमलनाथ) साफ किया है कि वे कांग्रेसी थे, हैं और हमेशा रहेंगे। उन्होंने मीडिया में चल रहीं बातों को गलत बताया है। मालूम हो कि बीते दिन छिंदवाड़ा से नौ बार के सांसद कमलनाथ अचानक दिल्ली आ गए थे, जिसके बाद से अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे अपने बेटे नकुलनाथ और कई अन्य विधायकों के साथ बीजेपी का दामन थाम सकते हैं। कांग्रेस नेता कमलनाथ के बीजेपी में शामिल होने की अटकलों पर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने न्यूज एजेंसी एएनआइ को बताया, अभी मेरी कमलनाथ जी से बात हुई है, उन्होंने कहा कि जीतू मीडिया में जो ये बातें आ रही हैं ये भ्रम है। मैं कांग्रेसी था, हूं और रहूंगा। लोकतंत्र में हार जीत होती रहती है। हर परिस्थिति में उन्होंने दृढ़ता से कांग्रेस के विचार के साथ अपना जीवन जिया है और आगे भी कांग्रेस के विचार के साथ अंतिम सांस तक जीवन जिएंगे। ये उनकी खुद की भावना है जो उन्होंने मुझसे कहा है।

इससे पहले, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी कहा था कि कमलनाथ ने अपनी राजनीतिक यात्रा सबसे पुरानी पार्टी से शुरू की और वह इसे नहीं छोड़ेंगे। सिंह ने कहा कि वह और अन्य कांग्रेस नेता एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के संपर्क में थे। राज्यसभा सदस्य ने यहां संवाददाताओं से कहा, "हम सभी कमलनाथ को दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा जी (संजय गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बाद) का तीसरा बेटा मानते थे।" सिंह ने कहा, कमलनाथ जी हमेशा कांग्रेस के साथ रहे हैं। वह एक सच्चे कांग्रेस नेता हैं। उन्हें मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, एआईसीसी महासचिव और एमपी कांग्रेस प्रमुख सहित सभी पद मिले हैं। उनका चरित्र ऐसा है कि वह केंद्रीय एजेंसियों ईडी, आईटी या सीबीआई के दबाव में नहीं आएंगे।" उन्होंने कहा, "ऐसी सभी अटकलों का सबसे बड़ा खंडन यह है कि कमलनाथ अब भी भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं या कांग्रेस से इस्तीफा नहीं दिया है।"

# फ्लाइट लैंड होने के 30 मिनट में मिलेगा बैगेज

- बीसीएएस ने एयरलाइंस को जारी किये निर्देश
- नियम का पालन न होने पर कार्रवाई होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने एअर इंडिया समेत 7 एयरलाइंस को एयरपोर्ट पर समय पर सामानों की डिलीवरी करने के निर्देश जारी किए हैं। बीसीएएस के नये नियमों के मुताबिक अब एयरलाइन को लैंडिंग के 30 मिनट के अंदर पैसेंजर्स को उनके बैग सौंपने होंगे। इसे लागू करने के लिए 26 फरवरी तक की समय सीमा दी गयी है। अगर नियम का पालन न किया गया, तो कार्रवाई होगी। बीसीएएस ने एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, विस्तारा, एअर इंडिया एक्सप्रेस कनेक्ट और एअर इंडिया एक्सप्रेस को ये आदेश जारी किया है।

ऑपरेशन, प्रबंधन और डिलीवरी समझौते (ओएमडीए) के मुताबिक, फ्लाइट का इंजन बंद होने के 10 मिनट के भीतर पहला और 30 मिनट के भीतर आखिरी बैग कन्वेयर बेल्ट पर पहुंचना चाहिए।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशों के बाद बीसीएएस जनवरी से 6 एयरपोर्ट पर सामान के मिलने में लगने वाले समय की निगरानी कर रहा था। इसकी रिव्यू में सामने आया था कि समय में सुधार तो हुआ है, लेकिन ये अनिवार्य मानकों से कम है। इसके बाद ही अब इउअर ने एयरलाइंस को समय पर बैगेज देने के लिए ये नियम बनाये हैं। बीसीएएस ने एक बयान में कहा कि 30 मिनट के अंदर पैसेंजर का बैगेज मिलगा तो उनके लिए ये बेहतर अनुभव होगा। फिलहाल अगले कुछ दिनों तक सभी एयरलाइन कंपनियों पर नजर रखी जायेगी।

# यूपी में सपा को झटके पर झटका

# सलीम शेरवानी ने राष्ट्रीय महासचिव का पद छोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव होने में अभी समय है, लेकिन यूपी की राजनीति में उठा-पटक तेज हो गयी है। कुछ नेताओं ने दूसरी पार्टियों में अपना भविष्य तलाशा है तो कई नेता अपनी ही पार्टी से नाराज चल रहे हैं। कुछ दिन पहले सपा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब पांच बार से सांसद रहे सलीम शेरवानी ने भी पार्टी से नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रीय महासचिव पद को छोड़ दिया है। राज्यसभा में न भेजे से नाराज सलीम शेरवानी ने अपना इस्तीफा सपा प्रमुख अखिलेश को भेज दिया है। अखिलेश को भेजे इस्तीफे में उन्होंने लिखा, हमें नहीं भेजा कोई बात नहीं, आपने पीडीए को महत्व नहीं दिया। बता दें कि शेरवानी ने इस्तीफा देने से पहले दिल्ली के इस्लामी कल्चर सेंटर में अपने समर्थकों के साथ एक मीटिंग की। मीटिंग में उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि सलीम शेरवानी राज्यसभा में किसी मुस्लिम को टिकट न देने से नाराज चल रहे थे। इसी के चलते उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव का पद छोड़ा है। सलीम शेरवानी ने अखिलेश को लिखे पत्र में कहा कि आप लगातार पीडीए का नाम लेते रहते हैं, लेकिन राज्यसभा की उम्मीदवारों के नाम देखकर लगता नहीं कि आप पीडीए को बहुत महत्व देते हैं।

## बेगूसराय में पकड़ौआ शादी का हुआ खूनी अंत

# ससुर ने बहू, समधी और भाई को मारी गोली

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में देर रात तीन लोगों की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। बिहार पुलिस इसे 'पकड़ौआ विवाह' का मामला बताया है। बिहार पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसमें 25 महिला, पिता और उसके भाई को गोली मारी गई। बिहार पुलिस ने बताया है कि इस घटना में मारे गए लोग श्रीनगर के हैं और यह घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में हुई है। पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि उमेश यादव शनिवार को अपने बेटे और बेटी नीलू को लेकर उसकी ससुराल गए। नीलू के ससुराल वाले शादी के 2 साल बाद भी उसे अपने घर नहीं ले जा रहे थे। उमेश जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो इसी बात पर ससुराल वाले भड़क गए और उनके बीच हाथापाई होने लगी। इसी दौरान नीलू के ससुर ने बंदूक निकालकर तीनों को गोली मार दी और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ससुर मौके से फरार हो गया। गांव के मुखिया सुबोध यादव ने बताया कि मृतक लड़की के पिता ने जबरन शादी कराई थी। इसे बिहार में पकड़ौआ विवाह कहते हैं। इसी को लेकर विवाद चल रहा था।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

# आज 10 लाख करोड़ की 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे मोदी

- 34 लाख रोजगार के अवसर खुलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही प्रदेश सरकार के लिए सोमवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सोमवार को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के जरिए प्रदेश भर में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी सीएम योगी के साथ यहां आयोजित होने वाली प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। साथ ही मुख्य जीबीसी हैंगर में वो प्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए इन परियोजनाओं की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी के मध्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन हुआ था। उसके करीब एक वर्ष बाद 19-21 फरवरी के बीच ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पीएम मोदी समेत तमाम वीआईपी शामिल होंगे।

**लक्ष्य की ओर कदम बढ़ायेगा उत्तर प्रदेश :** 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद योगी सरकार के लिए यह एक और बड़ा अवसर है, जब पूरी दुनिया की नजरें उत्तर प्रदेश की ओर लगी होंगी। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में इन परियोजनाओं की शुरूआत से उत्तर प्रदेश सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर पीएम मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देंगे तो साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे।

इस अवसर पर सीएम योगी भी उत्तर प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। भारत सरकार के रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे।

**आयोजन की सभी तैयारियां पूरी :** आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। दो दिन पहले ही सीएम योगी ने तैयारियों का जायजा भी लिया था और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**